खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 23°C

मुरादाबाद, मंगलवार 1 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 321 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहींः धनखड़**
पेज 2



**आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब**
खेल टाइम्स




**जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति**
संपादकीय

# चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर सैटेलाइट से होगी निगरानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है। सरकार ने तय किया है कि 2029 (अगले 4 साल में) तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे।

सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' (एसबीएस-3) योजना बनाई है। इसके लिए 26,968 करोड़ का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी आन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत इसरो 21 सैटेलाइट बनाएगा और लॉन्च करेगा, जबकि 31 सैटेलाइट्स तीन निजी भारतीय कंपनियां तैयार करेंगी। पहला सैटेलाइट अप्रैल 2026 तक लॉन्च किया जाएगा, लेकिन समय सीमा को और घटाने का प्रयास जारी हैं। ये सैटेलाइट्स लो-अर्थ आर्बिट और जियोस्टेशनरी आर्बिट में तैनात किए जाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी -शेष पृष्ठ दो पर



**ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है भारत**

**चार साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च किए जाएंगे, एआई से लैस, आपस में कनेक्ट रहेंगे**

# पहाड़ी राज्यों में बारिश का कहर जारी

## बदरीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, उत्तरकाशी में सात लापता मजदूरों के लिए रेस्क्यू जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** देश के सभी राज्यों में मानसून पहुंच गया है। बीते 24 घंटे से पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है।

उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता 7 लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर गोचर बंदखंड के पास लैंडस्लाइड हुआ है। मलबा सड़क पर आ गया। लैंडस्लाइड के बाद बदरीनाथ जाने वाले रोड पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है। उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिलाई बैंड के पास एक होटल ढह गया था। हादसे में 29 मजदूर लापता थे, जिनमें से 20 को बचा लिया गया था, दो मजदूरों की मौत हुई है। 7 लापता की तलाश जारी है। यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सोमवार को भी रेस्क्यू का काम जारी है। पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, -शेष पृष्ठ दो पर

**हिमाचल में गाड़ियों के सामने दरका पहाड़, शिमला में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी**



## एक लाख का इनामी बदमाश संदीप ढेर

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के मवीकलां गांव के पास नोएडा एसटीएफ और बागपत पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक लाख के इनामी बदमाश संदीप को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। गोली लगने से एसटीएफ का एक मुख्य आरक्षी भी घायल हुआ है। संदीप पर कानपुर पुलिस की ओर से हाईवे पर चार करोड़ रुपये की निकिल प्लेट लूट में एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# आज से रेल किराये में बढ़ोतरी लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गई है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराए में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराए पर 15 रुपये बढ़ाए गए हैं। इन्हीं गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी और प्रथम श्रेणी के किरायों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

## अमरनाथ यात्रा को जम्मू में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो गए हैं। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि कल तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे।

# बोधगया मंदिर बौद्धों को सौंपने की याचिका पर विचार नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के बोधगया मंदिर का नियंत्रण और प्रबंधन बौद्धों को सौंपने का निर्देश देने की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने सुलेखाताई नलिनिताई नारायणराव कुंभारे की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता नारायणराव को इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी। अदालत ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय से गुहार लगाने को कहा। न्यायमूर्ति सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर सीधे विचार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि ऐसी याचिका विचारणीय नहीं है।

# ललित मोदी को शीर्ष कोर्ट से राहत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में ललित ने बीसीसीआई को 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने की मांग की थी।

यह जुर्माना प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट (फेमा) का उल्लंघन करने के लिए उन पर लगाया था। जस्टिस पीएस नरसिंहा और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मोदी की याचिका को जवाब लायक नहीं बताया और कहा कि इस मामले में मोदी चाहें, तो सिविल कोर्ट में कानूनी उपाय आजमा सकते हैं, लेकिन बीसीसीआई पर कोई सीधा आदेश नहीं दिया जा सकता। साल 2009 में आईपीएल का आयोजन साउथ अफ्रीका में हुआ था। इस दौरान ईडी ने आईपीएल को शिफ्ट करने के दौरान हुए लेन-देन को लेकर मोदी पर 10.65 करोड़ का जुर्माना लगाया था।



**सुप्रीम कोर्ट ने 10.65 करोड़ का जुर्माना भरने वाली याचिका खारिज की**

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 12 की मौत

संगारेड्डी, वार्ता

**तेलंगाना के** संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं।

हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ। राज्य के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा कि अब तक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। आईजी वी. सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ, वहां 90 लोग मौजूद थे।

**34 लोग घायल**

# भारतीय लड़ाकू विमानों के नुकसान की रिपोर्ट गलत

जकार्ता, वार्ता

**भारत ने** इंडोनेशिया में एक सेमिनार के दौरान अपने रक्षा अताशे की प्रेजेंटेशन को लेकर फैली उन रिपोर्टों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपने कुछ लड़ाकू विमान खो दिए थे। भारत ने रिपोर्टों को संदर्भ से बाहर बताया और कहा कि प्रेजेंटेशन को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि मीडिया में जो बातें कही गई हैं, वे गलत ढंग से पेश की गई हैं और बातों को संदर्भ से हटाकर बताया गया है। दूतावास ने कहा कि हमने इंडोनेशिया में एक सेमिनार के दौरान दिए गए रक्षा अताशे के प्रेजेंटेशन के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। इसमें कही गई बातें संदर्भ से हटाकर पेश की गई हैं और रक्षा अताशे के प्रेजेंटेशन के उद्देश्य को गलत तरीके से दिखाया गया है। दूतावास ने यह भी बताया कि उस प्रेजेंटेशन का मुख्य उद्देश्य यह समझाना था कि भारतीय सशस्त्र बल हमारे पड़ोस के कुछ अन्य देशों के मुकाबले राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करते हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था और भारत की कार्रवाई उत्तेजक या आक्रामक नहीं थी।




## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोलकाता दुष्कर्म मामला

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई को पत्र के जरिये एक याचिका भेजी गई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि वह कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले का संज्ञान लें। यह मामला कस्बा क्षेत्र में स्थित साउथ कोलकाता लॉ कालेज का है, जहां 25 जून को एक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित तौर पर कॉलेज परिसर के अंदर ही तीन लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया।






















# भव्यता के साथ मनाएंगे शहीदी शताब्दी गुरुपर्व

## जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मीटिंग में हिन्द की चादर, गुरु तेगबहादुर जी का 350वा शहीदी शताब्दी गुरुपर्व भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वही सर्वसहमति से जिला कमेटी का कार्यकाल 2026 तक बढ़ाया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा धामपुर में आयोजित इस बैठक में जिला कमेटी के संरक्षक अमरजीत सिंह एडवोकेट, कमलजीत सिंह नूर ने कहा कि नवंबर माह में गुरु तेग बहादुर जी के साथ ही भाई मतिदास जी, भाई सतीदास जी, भाई दयाला जी का शहीदी शताब्दी गुरुपर्व है जिस पर पूरे जिले में ऐतिहासिक नगर कीर्तन निकालने का कार्यक्रम है। जिसके माध्यम से उनकी ऐतिहासिक शहीदी को दर्शाया जायेगा। जिसमें सभी गुरुद्वारा कमेटियों, सिख सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक संस्थाओं का सहयोग जरूरी है। इसके साथ ही सभी गुरुद्वारों में शहीदी को मुख रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किये जाये। वहीं धूबड़ी साहब आसाम से शुरू होने वाले ऐतिहासिक नगर कीर्तन के उत्तर प्रदेश तथा मुरादाबाद मंडल आगमन पर स्वागत किया जाये। संगत ने धामपुर गुरुद्वारा कमेटी के इस उपराले की सराहना करते हुए शहीदी शताब्दी नगर कीर्तन मे पूरा सहयोग करने को कहा।

बैठक में जिले की सभी गुरुद्वारा कमेटियों से शहीदी शताब्दी गुरुपर्व के दृस्टिगत अपने अपने गाँव, नगर, शहर में धार्मिक प्रचार कार्यक्रम संचालित करने, गुरुद्वारा ग्रंथी, सेवादारों को सम्मान देने, हर गुरु सिंह सभा में सिक्ख रिलीफ फण्ड की गोलक स्थापित करने, जिला गुरुद्वारा कमेटी का विस्तार कर, सदस्यता शुल्क इकट्ठा करने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेंदर सिंह प्रिंस ने तथा संचालन महासचिव सुरेंदर सिंह हुड्डा ने किया।

बैठक में डा. नरेंदर पाल सिंह, गुरुचरण सिंह चावला, त्रिलोचन सिंह, राम सिंह, मनमोहन सिंह, सुरजीत सिंह डंग, गुरदीप सिंह रोमी, रविन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, गुरमीत सिंह, जोगिंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, अरविन्द पाल सिंह, जसप्रीत सिंह, सुरेंद्र सिंह मंगत आदि नूरपुर, बिजनौर, राहुनंगली, नजीबाबाद, स्योहारा, बढ़िया, ताजपुर, धामपुर की गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक हितों के लिए लड़ने का निर्णय

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सम्बद्ध प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यालय मर्जर तथा सरप्लस करने सहित शिक्षकों के मान सम्मान की लड़ाई को ब्लॉक स्तर से लखनऊ स्तर तक लड़ने का निर्णय लिया गया। प्रदेश कार्यसमिति की लखनऊ में आयोजित बैठक में लौटने के बाद संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने बताया कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल की महानिदेशक से हुई वार्ता में किसी भी सरप्लस और मर्जर विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के पद समाप्त ना किए जाने की बात महानिदेशक की ओर से कहीं गई, जिस पर संघ ने अपनी सहमति नहीं दी और दोनों आदेशों को वापस लेने की मांग की, संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने बताया कि संघ द्वारा विद्यालय मर्जर तथा सरप्लस के आदेशों को समाप्त किए जाने के संबंध में हाई कोर्ट में याचिका दायर की जा रही है। जिस पर 10 जुलाई तक निर्णय आने की संभावना को देखते हुए निर्णय के अनुसार ही भावी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाते हुए रविवार को अलग-अलग शक्ति केंद्रों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को पूर्ण तरह से सफल बनाने के लिए पौधे रोपे गए।

नहटौर नगर मंडल के 73 बूथों के शक्ति केंद्रों पर जिसमें छिपियान नरगदी फुलसन्दा सीकरी चक गोवर्धन जोशियान नौधा सहित शक्ति केंद्रों पर रविवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके पुष्पांजलि करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों वक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान पर बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में उन्होंने धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था। भारतीय संविधान प्राप्त करने का संकल्प लिया था। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए अपना जीवन बलिदान करने की कसम भी खाई थी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। 1953 में 23जून को उनकी रहस्य में मृत्यु हो गई थी। मृत्यु ने देश को हिला दिया था। साथ ही उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था। नहीं चलेगा एक देश मैं दो विधान दो प्रधान और दो निशान साथ ही उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। साथी पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम इस अभियान के तहत पौधे रौपे गए और प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। वैभव गोयल, कुलवीर सिंह, प्रदीप जोशी, अंकुश अग्रवाल, प्रशांत वर्मा, नवनीत कुमार, राकेश सैनी, जगदीश सैनी, रामगोपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# करंट से भैंस की मौत

## विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम बल्लाशेरपुर में लोहे के विद्युत खंबे में करंट उतरने से एक भैंस की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति को भी मामूली रूप से करंट लग गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बल्लाशेरपुर निवासी सुधांशु अपनी भैंस को घर से पशुशाला में बांधने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में खड़े लोहे के विद्युत खंभे में करंट उतरने पर करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। जबकि सुधांशु को भी करंट लग गया। उसकी हालत सही बताई जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि लोहे के विद्युत खंबे में अक्सर बरसात में करंट उतर जाता है और करंट आसपास के क्षेत्र में फैलता है। जिसकी चपेट में भैंस आई है। उन्होंने विद्युत विभाग को अवगत कराया था, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे यह हादसा हो गया। ग्रामीण ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# बारिश की भेंट चढ़ी बारात घर की दीवार

## नाला खोद कर बिना सपोर्ट के छोड़ दी थी दीवार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** बारात घर की दीवार उस समय भर भराकर गिर गई, जब रोड पर आवागमन पूरी तरह से चल रहा था। यह तो गनीमत रही की कोई इसकी चपेट में नहीं आया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

आदर्श नगर पंचायत झालू के मौहल्ला जोशियान, नहटौर रोड, निकट टंकी कंपाउंड पर सरकारी बारात घर बना हुआ है। लगातार बारिश होने से बारात घर की दीवार पूरी तरह से नीचे आ गई। उक्त समय पर उपस्थित लोगों ने बताया कि यह लापरवाही उस ठेकेदार की है, जिसने बारात घर की जड़ में इतना बड़ा नाला बुनियाद से भी नीचे तक खोद दिया और बिना सपोर्ट के दीवार को छोड़ दिया। नाला खोदने के बाद इसके बारे में नहीं सोचा गया कि बरसात के मौसम में बारिश कभी भी आ सकती है। उस दीवार से बड़ा हादसा भी हो सकता था। यही हुआ कि लगातार बारिश होने से नाले में पानी आ गया, जिससे दीवार की बुनियाद कमजोर पड़ गई और यह उस समय पूरी तरह से गिर गई जब रोड पर आवा गमन चल रहा था, यह तो गनीमत रही कि कोई उसकी चपेट में नहीं आया। यदि कोई आ जाता तो इससे बड़ा हादसा हो सकता था। वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने बताया कि यह दीवार सन 2008 में बनाई गई थी और बारिश के चलते हुए अत्याधिक पानी भर जाने की वजह से यह दीवार गिर गई है। कस्बे के अंदर जनहित के कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं और जगह-जगह बस्ती में काम हो रहे हैं। दीवार के नीचे से भी जनहित के लिए नाला बनाया जा रहा है, लेकिन अत्यधिक बारिश हो जाने से दीवार के नीचे पानी जमा हो गया। प्राकृतिक रूप से कुछ भी हो सकता है। इसमें किसी का दोष नहीं है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

## छोटे भाई की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एक मैरिज हॉल से वीडियोग्राफी कर बाइक से वापस घर लौट रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के छोटे भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक कुमार पुत्र महेर सिंह निवासी ग्राम जमालपुर ढीकली, थाना बढ़ापुर द्वारा थाना नगीना में लिखित तहरीर के माध्यम से शिकायत की गई कि 28 जून को उसका बड़ा भाई चन्द्रप्रकाश नगीना नगर के एक मैरिज हाल से फोटो ग्राफी करके घर वापस आ रहा था। उसने लिखा कि जब मेरा भाई नन्दपुर से आगे मेन रोड पर किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी मोटर साईकिल यूपी 20 आर 6112 स्पलेन्डर प्लस में टक्कर मार दी। जिससे मेरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको मौके पर पीआरवी के द्वारा सूचना देकर सीएचसी नगीना में भर्ती कराया। जहां पर उसे बिजनौर के लिए रैफर कर दिया। वहां से उसे कॉसमास हास्पिटल मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है तथा इसी घटना में मोटर साईकल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अतिक्रमण अभियान चलाने की मांग

## दुकान के बाहर सामान रखने से सड़कें हो गई संकरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में अतिक्रमण के नाम पर चारों ओर जाल सा फैला हुआ है। समय-समय पर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जाता रहा है। मगर अतिक्रमणकारी किसी न किसी रूप में अपना अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ पाते है। इनके द्वारा सड़कों पर अपनी दुकाने व सामान लगाने से सड़के संकरी हो जाती है। उस पर ई रिक्शा चालकों का अनाड़ीपन से ई रिक्शा चलाना जाम के झाम का मुख्य कारण बनना आम बात है।

अतिक्रमणकारियों के अतिक्रमण द्वारा फैलाये गये अतिक्रमण पर सरकारी पीला पंजा कब चलेगा। यह सिटी की जागरूक जनता अब मांग कर रही है। हालांकि अतिक्रमणकारियों पर पीला पंजा जल्दी चलने वाला है। इसके लिए रूपरेखा तैयार होने की बात सुनने में आ रही कि जल्दी ही अतिक्रमण हटाओ अभियान सिटी के भीतर व बाहरी छोरों पर जबरदस्त तरीके से चलेगा।

गौरतलब है कि नगर के भीतर दुकानदारों द्वारा सड़कों पर अपनी दुकानें लगाने से अतिक्रमण को बढ़ावा मिल रहा है। जबकि बाहरी मार्गों पर बड़े-बड़े फ्लैक्स बोर्ड और खोके रखे होना अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे है। साथ ही इनके द्वारा अतिक्रमण किए जाने से सड़के संकरी हो जाती है। जिन पर सबसे ज्यादा पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आज कल सिलारा रोड पर दुकानदारों का सबसे ज्यादा अतिक्रमण करना किसी से छिपाये नहीं छिप रहा। इस बारे में वार्ड सभासद हो या फिर कोई अन्य समाजसेवी चुप्पी साधे सब कुछ देख रहे है। कोई भी जनहित में न तो आवाज उठाने को तैयार है और न ही अतिक्रमणकारियों को नसीहत करने को दिखाई दे रहा है। सिटी में सड़कों पर फड़ व ठेले वाले मेन चौक नेहरू चौक को अपने द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण की चपेट में लिये हुए है। कोई देखने व सुनने वाला नहीं। पुलिसकर्मी भी अपनी ड्यूटी कर चले जाते है। मगर उनके द्वारा किसी फड़ व ठेले वाले को यह कहना अच्छा नहीं लगता कि भाई तुम अपना फड़ व ठेला थोड़ा पीछे लगा लो। कुल मिला कर चांदपुर में रोडवेज बस स्टैण्ड, पतियापाड़ा कब्रिस्तान से सटा बिजनौर-बदायूं हाईवे स्टेट, स्याऊ रोड तिराहा नूरपुर रोड, धनौरा रोड अतिक्रमण के सबसे बड़े अड्डे है। जिनपर कभी किसी जनप्रतिनिधि अथवा किसी समाजसेवी या वार्ड सभासद की नजर नहीं जा पाती। जिससे शहर की सुंदरता को भी पलीता लगाने वाले खुद सब कुछ जानकर कुछ करने को तैयार नहीं है। चर्चा है कि अब शीघ्र ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलने वाला है। जिसके लिए सम्बन्धित विभाग तैयारियां करने में जुटा हुआ है, आदेश होते ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा तभी जाकर शहर की रौनक में चार चांद लगे दिखाई देंगे।

## पुलिया क्षतिग्रस्त होने से लगा जाम

**नजीबाबाद।** कोटद्वार मार्ग पर जाफराबाद में पहाड़ों पर हो रही तेज बारिश के चलते पुलिया में अधिक पानी आने से पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे नजीबाबाद से कोटद्वार जाने वाला मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। इस कारण पुलिया के दोनों ओर कई किलो मीटर लम्बा जाम लग गया। सूचना मिलने पर मार्ग निर्माण टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से मिट्टी हटाकर मार्ग बनाने का काम कर करीब छह घंटे बाद मार्ग पर आवागमन चालू कराया। मार्ग कई घंटे के लिए बंद होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पिछले काफी दिनों से कोटद्वार मार्ग के निर्माण का कार्य चल रहा है। मगर वाहनों के आने-जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं कराई गई है। जिससे धूप निकलने पर वाहन चालकों को हवा में उड़ती मिट्टी के बीच से गुजरना पड़ता है। जबकि बारिश के मौसम में वाहन चालकों को गीली मिट्टी व फिसलने के बीच से निकलना पड़ता है। इस कारण वाहन चालकों व क्षेत्रीय नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# तकीयागढ़ी में निकासी न होने से जलभराव



## पालिका ने पंपिंग सैट से निकाला पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला तकीयागढ़ी पूर्वी में पानी की निकासी नहीं होने के कारण जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। मौहल्ले में दो फीट तक पानी जमा हो गया। नगर पालिका की टीम ने पंपिंग सैट से पानी को निकालना शुरू किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पालिका के सामने मौहल्ला तकीयागढ़ी पूर्वी में पानी की निकासी नहीं होने के कारण गली में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। नफीस अहमद, आसिफ, अब्दुला, नाजिम, नईम अहमद आदि ने कहा कि नाले के नहीं बनने से कई घरों के सामने से पानी की निकासी नहीं होने पर पानी जमा हो गया। दो फीट तक पानी घरों के सामने जमा हो गया। सूचना पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और समस्या को देखते हुए पंपिंग सैट के जरिए पानी को निकालना शुरू किया। पालिका अधिशासी अधिकारी ओम गिरी का कहना है कि समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

## चोरी के खुलासे को सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

### जल्द ही घटना के खुलासे का दावा

**नांगल सोती।** गांव महमसापुर में शनिवार की रात्रि दो अलग-अलग घरों में महिलाओं के कुंडल खींचने और बंद मकान में चोरी की घटना का अभी कोई सुराग नहीं लगा है, पुलिस क्षेत्र में लगी सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। वहीं कई लोगों को हिरासत के लेकर पुलिस पूछताछ में जुटी है।

शनिवार की रात्रि चोरों ने गांव महमसापुर में दो अलग-अलग घरों में महिलाओं के कानों से कुंडल खींच लिए थे, जिसमें एक महिला का कान भी फट गया था, गांव के ही जगदीश के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर बाइक व अन्य सामान चोरी कर ले गये थे, लेकिन पुलिस को अभी घटना के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल सका है, पुलिस गांव और आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार का कहना है कि पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन-पाकिस्तान...**

के मुताबिक, एसबीएस-3 का मकसद पाकिस्तान, चीन और हिंद महासागर क्षेत्र को ज्यादा विस्तार में कवर करना है, ताकि कम समय में हाई रिजोल्यूशन निगरानी संभव हो। इसरो के सैटेलाइट्स के अलावा वायुसेना तीन हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म सिस्टम (एचएपीएस) विमान भी खरीदने की तैयारी में है। ये ड्रोन जैसे मानव रहित विमान होंगे, जो लंबी अवधि तक ऊंचाई पर उड़कर निगरानी में मदद करेंगे। ये सैटेलाइट्स की निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेंगे। एचएपीएस विमान आमतौर पर धरती से 18 से 20 किलोमीटर (60,000 फीट) ऊपर उड़ता है और लंबे समय तक एक ही जगह पर बना रह सकता है। 7 से 10 मई 2025 के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जैश-ए- मोहम्मद के खिलाफ भारी सैन्य कार्रवाई की थी। इकोनॉमिक टाइम्स (ईटी) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान देशी सैटेलाइट्स और कुछ विदेशी कॉमर्शियल डेटा का इस्तेमाल किया गया, लेकिन रियल टाइम ट्रैकिंग में कई खामियां उजागर हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि हमें अपने फैसलों की गति तेज करनी होगी। जितना जल्दी हम 52 सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में स्थापित करेंगे, हमारी सुरक्षा उतनी ही मजबूत होगी। भारत का यह कदम चीन के तेज होते अंतरिक्ष सैन्यकरण के जवाब में भी है। 2010 में जहां चीन के पास सिर्फ 36 सैन्य सैटेलाइट थे, वहीं आज उसके पास 1000 से ज्यादा सैटेलाइट्स हैं, जिनमें से 360 से ज्यादा निगरानी (आईएसआर) कार्यों के लिए हैं। चीन के पास एंटी-सैटेलाइट मिसाइल, को-आर्बिटल सैटेलाइट, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम और लेजर जैसे हथियार भी हैं। भारत के स्पेस बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) मिशन की शुरुआत 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने की थी। एसबीएस1 प्रोग्राम के तहत 2001 में चार सैटेलाइट लॉन्च किए गए थे। जिसमें रिसैट प्रमुख था। इसके बाद एसबीएस 2 मिशन में 2013 में 6 सैटेलाइट लॉन्च किए गए।

**पहाड़ी राज्यों...** एनडीआरएफ और प्रशास. निक टीमें राहत-बचाव का काम कर रही हैं। हिमाचल में बीते 48 घंटे से बारिश हो रही है। पिछले 10 दिन में 39 लोगों की मौत हुई है। बारिश के चलते कई जिलों में भूस्खलन और पानी भरने की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को राज्य में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कई जगहों पर लैंडस्लाइड की आशंका है। हिमाचल के सोनल में अर्की-शालाघाट मार्ग पर लैंडस्लाइड हुआ है। पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा नीचे खड़ी गाड़ियां के ठीक सामने गिरा। शिमला के भट्टाकुफर 5 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। बीती रात इमारत खाली कर दी गई थी। फोरलेन कटिंग की वजह से नींव कमजोर हो गई थी। अब बारिश के बाद मिट्टी धंसने से बिल्डिंग गिरी। राजस्थान के चूरू जिले में सुबह 5 बजे से ही बारिश हो रही है। शहर के निचले इलाकों में स्थित घरों और दुकानों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया है। पूरे राजस्थान में 20 जून के बाद से ही मानसून की बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण पाली में कई जगह बरसाती नदियां उफान पर हैं।

# मई में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर1.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपभोक्ता मांग में कमी के बीच देश में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर मई 2025 में 1.2 प्रतिशत रही जो गत वर्ष सितंबर के बाद का इसका न्यूनतम स्तर है। पिछले वर्ष इसी माह औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.3 प्रतिशत और इस वर्ष अप्रैल में 2.6 प्रतिशत थी।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी मई के आंकड़ों के अनुसार अखिल भारतीय आईआईपी मई, 2025 में 156.6 रहा, जबकि एक साल पहले इसी माह यह 154.7 और एक माह पहले 151.8 अंक था। इस वर्ष मई में खनन क्षेत्र का उत्पादन सालाना आधार पर 0.1 प्रतिशत घट गया जबकि विनिर्माण क्षेत्र में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बिजली का उत्पादन मई में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत कम रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों अप्रैल-मई में औद्योगिक वृद्धि दर 1.8 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। इस वर्ष मई में प्राथमिक वस्तु उद्योग के उत्पादन में सालाना आधार पर 0.2 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। आलोच्य माह में माध्यमिक वस्तुओं का उत्पादन 3.5 प्रतिशत बढ़ तथा निर्माण/ अवसंरचना वस्तु उद्योग की वृद्धि 6.3 प्रतिशत रही। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता उद्योग का उत्पादन 0.7 प्रतिशत कम रहा।

## खरीफ की बुआई का रकबा बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश में मौजूदा वर्ष के खरीफ मौसम में धान, श्रीअन्न और दलहन की बुआई का रकबा बढ़ा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रायल ने सोमवार को यहां जारी आंकडों में बताया कि 27 जून तक देश में बुआई का रकबा 235.44 लाख हेकटेयर से बढ़कर 262.15 लाख हेक्टेयर हो गया। आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23.78 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 35.02 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी तरह दलहन का रकबा 15.37 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 21.09 लाख हेक्टेयर हो गया है।

# मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में आरोप प्रत्यारोप का ऐसा दौर चल रहा है, जिसमें राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को भी घसीट लिया जाता है और यह भारतीय लोकतंत्र और संस्कृति से मेल नहीं खाता। धनखड़ ने राजस्थान के जयपुर में राज्य के पूर्व विधायकों के संगठन राजस्थान प्रगतिशील मंच के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश का मौजूदा राजनीतिक परिवेश भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से भी मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आप अलग-अलग दलों में हो सकते हैं और इसमें भी बदलाव होता रहता है। सत्ता पक्ष प्रतिपक्ष में जाता रहता है और प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष में आता रहता है। पर इसका मतलब यह नहीं है कि दुश्मनी हो जाए। दरार पैदा हो जाए। दुश्मन सीमापार हो सकते हैं। देश में हमारा कोई दुश्मन नहीं हो सकता। उप राष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति का परिवेश असहनीय हो रहा है। बेलगाम होकर वक्तव्य दिए जा रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किशोरी के अपहरण में सुनील को सजा

## दस वर्ष का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे पॉक्सो एक्ट ने धामपुर के सुनील को किशोरी के अपहरण के मामले में दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 75 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादिनी ने तीन दिसम्बर 2019 को थाना शिवाला कलां में तहरीर दी थी कि अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम बक्शनपुर, थाना धामपुर शादी करने के ईरादे से उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। मुख्य अभियुक्त सुनील की उसके चार परिजनों ने मदद की। उन्हें भी अभियोग में नामजद किया गया था। तहरीर के आधार पर शिवाला कलां पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 225/19 धारा 363 व 366 आईपीसी एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद शिवाला कलां पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। न्यायालय एडीजे पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त सुनील को पॉक्सो एक्ट की धारा चार व आईपीसी की धारा 366, 363 व 506 में दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 75 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# कालेज के फंड से अपने नाम पर खरीदी गाड़ी

## एसबीडी कॉलेज के पूर्व व्यवस्थापक विजय अग्रवाल का एक और खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में पूर्व व्यवस्थापक विजय कुमार अग्रवाल द्वारा किए गए कथित भ्रष्टाचार की परतें अब और खुलने लगी हैं। ताजा मामला कॉलेज फंड से निजी नाम पर गाड़ी खरीदने से जुड़ा है। महाविद्यालय की वर्तमान प्राचार्य डॉ. पूनम चौहान ने कोतवाली में दी गई तहरीर में पूर्व व्यवस्थापक पर गबन और धोखाधड़ी के संगीन आरोप लगाए हैं।

प्राचार्य का आरोप है कि साल 2009 में महाविद्यालय की निधि से करीब सात लाख रुपये खर्च कर एक विंगर गाड़ी खरीदी गई, जो कॉलेज के नाम से होनी चाहिए थी, मगर विजय अग्रवाल ने धोखाधड़ी कर गाड़ी को अपने निजी नाम से रजिस्टर करा लिया। इसके बाद इस वाहन का निजी कार्यों में वर्षों तक उपयोग किया गया, लेकिन इसके बीमा, मरम्मत, टायर-ट्यूब और ईंधन सहित सभी खर्च कॉलेज फंड से कराए गए। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि जब विजय अग्रवाल पर गबन की जांच तेज हुई तो अप्रैल 2025 में उनके पुत्र ने चुपचाप उस गाड़ी को कॉलेज परिसर में खड़ा कर दिया और एक ईमेल भेजकर इसकी सूचना दी।

### क्या सिर्फ जेल भेजना काफी है?

**धामपुर।** कॉलेज स्टाफ और जागरूक नागरिकों का सवाल है कि क्या इस तरह के घोटाले सिर्फ तहरीर, मुकदमा और गिरफ्तारी तक सीमित रह जाएंगे? या फिर इस तरह के सफेदपोश घोटालेबाजों से धन की वसूली कर कॉलेज को न्याय दिलाया जाएगा? साथ ही पूछा जा रहा है कि इतने वर्षों तक कॉलेज प्रशासन की निगाह इन गतिविधियों से कैसे चूकती रही?

### प्रशासन के लिए अग्नि परीक्षा

**धामपुर।** यह मामला न सिर्फ शैक्षणिक संस्थानों में वित्तीय अनुशासन पर सवाल खड़े करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे लोक सेवा की आड़ में निजी स्वार्थ साधे जाते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर क्या ठोस कार्रवाई करता है। क्योंकि इस तरह के आरोप कई अन्य कॉलेजों के व्यवस्थापकों एवं जिम्मेदारों पर भी लगते रहे है।

### कई बैंक खातों की संदिग्ध भूमिका

**धामपुर।** कॉलेज की मौजूदा व्यवस्थापक रेनू गोयल का कहना है कि विजय अग्रवाल पर पहले ही करोड़ों रुपये के गबन का आरोप है, जिसके तहत उन्हें 26 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार भी किया गया था। कई महीनों तक जेल में रहने के बाद उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिली। रेनू गोयल के अनुसार, विजय अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान 100 से अधिक बैंक खातों को खोलकर और बंद कर गबन को अंजाम दिया, जिसकी उच्च स्तरीय जांच जारी है।

# किशोर के साथ कुकर्म पर भड़के पीड़ित परिजन

## आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** छह वर्षीय किशोर के साथ कुकर्म किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित के परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ थाना चांदपुर में तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई गुजरात में नौकरी करता है। उसकी पत्नी और छह वर्षीय पुत्र यहां पर उनके साथ ही रहते हैं। वह उनका पालन-पोषण करते है। देर शाम किशोर घर से पढ़ने के लिए निकला था। कुछ समय बाद जब वह घर वापस लौटा, तो उसकी मां ने देखा कि उसके गुदा मार्ग से खून बह रहा है। जब परिजनों ने अपने बच्चे से पूछताछ की, तो उसने बताया कि एक युवक उसे कमरे में ले गया और उसके साथ गलत हरकत की। बच्चे के बयान के आधार पर आरोपी की पहचान अरशद पुत्र तौफीक निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा, गड्ढा कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों ने तत्काल थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी और आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पीड़ित बच्चे को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# दो महिलाओं सहित तीन पर कुत्तों का हमला

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र में कुत्तों का आतंक बरकरार है। प्रतिदिन कुत्तों द्वारा हमले कर घायल करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। सोमवार को नगर के पश्चिम की ओर सटे गांव भागीजोत निवासी तसलीमा पत्नी एहसान तथा शाहपुर जमाल निवासी कांति देवी पत्नी गंगाराम तथा सुआवाला निवासी एक व्यक्ति को कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तीनों घायलों को सीएचसी लाकर भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाकर तथा मरहम-पट्टी कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

गौरतलब है कि ब्लॉक क्षेत्र में अलग-अलग गांव में प्रति माह एक सौ से अधिक कुत्तों व बन्दरों द्वारा काटे जाने के मामले प्रकाश में आ रहे हैं परंतु प्रशासनिक अधिकारीयों की नजर में क्षेत्र वासियों की जान का कोई मौल नहीं है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी और खंड विकास अधिकारी भी मौन धारण कर तमाशाई बने हुए हैं। अफजलगढ़ क्षेत्र में कोई दमदार जनप्रतिनिधि ना होने के कारण क्षेत्र की जनता अपने आप को लावारिस समझकर ठगा महसूस कर रही है। आखिर फरियाद करें तो किस से करें सत्ता पक्ष के जन प्रतिनिधि मौज में है तथा विपक्ष के जनप्रतिनिधि खौफ में हैं।

# गुलदार ने मासूम को बनाया निवाला

## विरोध में ग्रामीणों ने लगाया जाम, मिला झूठा आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** क्षेत्र में गुलदार का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आज फिर गुलदार ने दो साल के मासूम बच्चे को अपना निवाला बना लिया। विरोध में ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। अधिकारियों के झूठे आश्वासन पर जाम खोल भी दिया गया।





प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कोहरपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना में गुलदार ने दो साल के मयंक पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के विरोध में ग्राम दयालवाला में आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि कोहरपुर निवासी राजकुमार अपने बच्चों के साथ दयालवाला से बादशाहपुर रोड पर तोरी तोड़ने के लिए गए थे। इस दौरान उनका दो साल का बेटा मयंक सड़क पर खेल रहा था। तभी पास के गन्ने के खेत से निकले गुलदार ने बच्चे पर हमला कर उसे खेत में घसीट लिया। बच्चे की चीख निकल पड़ी। जिसके बाद शोर मचाने पर गुलदार बच्चे को वहीं पर छोड़कर भाग गया। मयंक को तुरंत दयालवाला के चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया। उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ और थाना प्रभारी राजकुमार सरोज मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने दयालवाला में सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने गुलदार को पकड़वाने की मांग की। इस दौरान मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी नितिन कुमार, अमरपाल सिंह, सीओ सिटी राकेश वशिष्ठ और वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम ने ग्रामीणों को समझाया। अधिकारियों ने मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। साथ ही मौके पर पिंजरा लगाने और कैमरों से गुलदार की निगरानी का आश्वासन भी दिया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गुलदार के आतंक को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही फिर उजागर

**बिजनौर।** मण्डावर में गुलदार के द्वारा दो साल के मासूम बच्चे को शिकार बनाए जाने से वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही एक बार फिर उजागर हो गई है। क्षेत्र में पूर्व से गुलदार दिखाई दे रहा था। लेकिन उसे पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया गया। जनपद में बड़ी संख्या में गुलदार मौजूद है। उन्हें पकड़वाने के लिए वन विभाग के अधिकारी जगह-जगह पिंजरा नहीं लगवाते है। जब कहीं पर गुलदार किसी को शिकार बना लेता है और इसका विरोध होता है, तब जाकर वन विभाग के अधिकारियों की नींद खुलती है। घटना के बाद ही पिंजरा लगाया जाता है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## एक नजर

### कनिष्ठ लिपिक को दी भावभीनी विदाई



**नगीना।** एमएम इंटर कॉलेज में कार्यरत कनिष्ठ लिपिक बालेश्वर दत्त सेवानिवृत हो गये। कॉलेज में विदाई समारोह में प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने 17 सितंबर 1992 से लेकर 30 जून 2025 तक विद्यालय की सेवा की। प्रधानाचार्य शहीद अली गौहर ने बताया कि वह एक महान व्यक्तित्व के धनी है। उनका स्वभाव बहुत सौम्य है व उनके मुंह से कभी भी न शब्द सुनने को नहीं मिला। वे अपने कार्य के लिए सदैव समर्पित रहे। चाहे बिजनौर कार्यालय से संबंधित कोई कार्य हो या अपने विद्यालय का, सदैव अपने कार्य को बड़े शान्त भाव से पूरा करते थे। विद्यालय में रहते हुए उन्होंने कभी भी समय की परवाह नहीं की। सुबह से लेकर शाम तक अपने कार्य में व्यस्त रहते थे। जब तक विद्यालय में उन्होंने अपना कार्य पूरा न कर लिया, घड़ी की तरफ नहीं देखा। सेवानिवृत्ति के बाद विद्यालय परिवार उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता है। विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, वरिष्ठ अध्यापक बृजमोहन सिंह, वरिष्ठ लिपिक उरूज अरशद एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने उन्हें स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय से जुड़े रहने एवं अपने साथियों को मार्गदर्शित करने का आग्रह किया।

### ताजपुर का अनीस गिरफ्तार



**बिजनौर।** वादी ने थाना नूरपुर में आज तहरीर दी थी कि राजा का ताजपुर निवासी अनीस अहमद पुत्र अमीर हसन एवं दो अन्य नामजद व एक अज्ञात अभियुक्त ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। साथ ही अभियुक्त अनीस ने तमंचे की बट से वार कर वादी को चोट पहुंचाई। पुलिस ने इस मामले में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अनीस अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद किया हैं।

### बिजनौर में अंकित व काकुल अरेस्ट

**बिजनौर।** वादी ने थाना शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अभियुक्त काकुल कुमार पुत्र सरदेव सिंह व अंकित कुमार पुत्र ओम प्रकाश सिंह निवासीगण ग्राम नवादा, थाना हल्दौर ने तमंचे से उसे डराया और धमकाते हुए मारपीट की गई। आरोपियों के द्वारा यूपी 112 के पुलिसकर्मियों के साथ भी बदतमीजी की गई। पुलिस ने धारा 115 (2), 352 व 351 (2) बीएनएस एवं धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। काकुल से हथियार भी बरामद किया गया है।

# नदी में अचानक पानी आने से ट्रैक्टर फंसा

## चालक व मजदूरों ने कूद कर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पहाड़ों पर हो रही भीषण वर्षा के कारण पीलीबांध जलाशय से निकली बैनल नदी में अचानक आए पानी के तेज बहाव में फंसकर ट्रैक्टर पर सवार चालक व मजदूरों ने कूदकर अपनी जान बचाई। नदी में फंसे ट्रैक्टर को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया।





बीती रात से मैदानी तथा पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भीषण वर्षा के चलते पीलीबांध जलाशय से निकली नदी में अचानक आए पानी में मनियावाला स्थित बेनेली नदी पुल के समीप तेज बहाव में फंसे ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक किसान व मजदूरों ने कूद कर जान बचाई। ग्राम हर्रावाला थाना रेहड़ के ग्राम प्रधान सर्वण कुमार ने बताया कि वह सोमवार की प्रात: अपने खेतों पर धान की पोध बुआई के लिए ट्रैक्टर चालक अमित कुमार व मजदूरों के गया था। उस समय नदी में पानी बहुत ही कम था। दोपहर करीब डेढ़ बजे खेत का कार्य समाप्त कर वापस लौट रहे थे। बीच नदी में पहुंचे ही थे कि नदी में तेज बहाव के साथ अचानक पानी आ गया। ट्रैक्टर पानी में फंस जाने के कारण नदी पार करने का मौका नहीं मिल पाया। हालात की नजाकत को समझते हुए ट्रैक्टर पर सवार सभी लोगों ने ट्रैक्टर नदी में छोड़कर भाग कर जन बचाई। नदी में पानी का तेज बहाव कम होने के बाद ट्रैक्टर को जेसीबी द्वारा खींच कर निकाला गया। गौरतलब है कि गत सप्ताह भी बनेली नदी में तेज बहाव के साथ पानी के आने से ट्रैक्टर ट्राली मौके छोड़कर किसान ने अपनी जान बचाई थी। बनेली नदी में पानी आ जाने के कारण सब्जी की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है, जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। किसानों ने उपजिलाधिकारी से लेखपालों द्वारा जांच करा कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# वारदातों का खुलासा न करने पर धर्मेन्द्र सिंह पर गिरी गाज

## लापरवाही बर्दाश्त न करने की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जाता है कि नियुक्ति के दौरान पिछले दो माह में थाना क्षेत्र में हुई कुंडल स्नैचिंग एवं अन्य अपराधों के अनावरण में लापरवाही बरतने की वजह से उनके ऊपर गाज गिराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसपी अभिषेक ने थाना कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को कल लाइन हाजिर कर दिया था। उनके स्थान पर नूरपुर की गौरक्षधाम चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक प्रवेज कुमार को यहां का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। मीडिया सेल के द्वारा जारी प्रेस नोट में आज कहा गया है कि अपनी नियुक्ति के विगत दो माह के कार्यकाल के दौरान प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कुंडल स्नैचिंग सहित अन्य अपराधों के अनावरण में लापरवाही बरती। उनके द्वारा कर्तव्य में शिथिलता बरती गई। जिसकी वजह से उन्हें लाइन हाजिद किया गया है। एसपी अभिषेक ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्रों में घटित अपराधों के अनावरण में पूर्ण सतर्कता बरतें और कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करें। अपराधों की विवेचना एवं अनावरण में किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# खेत में मिली विकास की लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** गन्ने के खेत में युवक की सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज नसीरपुर मंसूख के जंगल में गन्ने के खेत में युवक की सड़ी गली लाश मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान विकास (26 वर्ष) पुत्र भगवंता के रूप में हुई है। मृतक विकास ग्राम चेहला का रहने वाला था। विकास मजदूरी का काम करता था। विकास का अभी विवाह नहीं हुआ था। विकास तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। तीन दिन पहले चरी लेने जंगल गया था और इसके बाद फिर वापस घर नहीं पहुंचा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस बीच आज उसकी लाश चेहला और पड़ोस के गांव नसीरपुर मंसुख के बीच एक गन्ने के खेत में मिली है। जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया और मौत के कारणों का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह ने बताया कि लाश पर कोई चोट या गोली लगने के निशान नहीं मिले हैं। मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# बाइक और ई रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत



## बाइक सवार व दो अन्य महिलाएं घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना रेहड़ क्षेत्र के केहरीपुर अमानगढ़ मार्ग पर बाइक व ई रिक्शा की भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया तथा ई रिक्शा में बैठी दो महिलाएं यात्री भी चोटिल हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार लाल सिंह पुत्र लेखराज निवासी फतेहपुर धारा ई रिक्शा चालक बादीगढ से सवारियां लेकर केहरीपुर जंगल जा रहा था कि गांव कल्लूवाला की दिशा से आ रही बाइक व ई रिक्शा दोनों जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक सतनाम सिंह पुत्र मनजीत सिंह निवासी केहरीपुर के सिर व मुंह पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से बादीगढ़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

गनीमत यह रही कि उस समय दोनों दिशा से कोई बड़ा वाहन नहीं आ रहा था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता। जबकि ई रिक्शा में बैठी दो यात्री महिलाएं भी मामूली रूप से चोटिल हो गई।

# मुख्य मार्गों पर जलभराव से परेशानी

## पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जरा सी बारिश होने पर जल भराव की समस्या का आम नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि जनपद मुख्यालय पर जल भराव की समस्या से सरकार के विकास कार्यों की पोल खुल गई है।




प्राप्त समाचार के अनुसार बरसात के मौसम में जनपद में नागरिकों को जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अभी मानसून की झमाझम बारिश लगातार नहीं पड़ रही है। थोड़ी देर बारिश होती है और मौसम खुल जाता है। इसके बावजूद गली-मौहल्लों के साथ-साथ मुख्य मार्गों पर भी जल भराव हो जाता है। मुख्य मार्गों पर जल भराव की वजह से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर यहां से पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है। जल भराव की वजह से मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहे है। इन मार्गों पर गहरे-गहरे गड्ढे बन रहे है। इन गड्ढों में जब वाहनों का पहियां गिरता है, तो उसमें से नहीं निकल पाता है। जिसकी वजह से जाम लग जाता है। मुख्य मार्गों के किनारे बने हुए नालों पर अतिक्रमण कर लिया गया है। नालों के किनारे मिट्टी व रोडा अतिक्रमणकारियों ने डाल रखा है। जिसकी वजह से मुख्य मार्ग नीचे हो गए है और इस पर भरा हुआ पानी नालों में नहीं जा पाता है। नालों की भी सफाई नहीं कराई जा रही है और न ही अतिक्रमण हटाया जा रहा है। अधिकारियों के द्वारा इस मामले में लापरवाही बरती जा रही है। अतिक्रमण हटाने में अधिकारियों को कोई आर्थिक लाभ नहीं होता है। साथ ही अतिक्रमण कारियों की गालियां सुननी पड़ती है। इस लिए अतिक्रमण हटवाने में अधिकारियों की कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके अलावा नालों व नालियों की सफाई कराने के नाम पर भी जनपद में खानापूर्ति हो रही है। गली मौहल्लों में जल भराव की समस्या इतनी ज्यादा खतरनाक हो गई है कि घरों व दुकानों में बारिश का पानी घुस रहा है। जनपद के सभी नगरों, कस्बों एवं बड़े ग्रामों का यही हाल है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सड़क हादसे में मासूम बच्चे की मौत

## गोवंश को बचाने के चक्कर में हादसा, मां-बाप व बेटी गंभीर रूप से घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बाइक पर सवार एक ही परिवार के चार सदस्य सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल काफी देर तक सड़क पर पड़े हुए तड़पते रहे परंतु 108 एंबुलेंस सूचना देने के बाद भी नहीं पहुंच सकी। तभी एक निजी पिकअप वाहन के द्वारा घायलों को लाकर सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। जहां बाप-बेटे को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां मासूस ऋतिक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला निवासी सुरेंद्र सिंह (45 वर्ष) पुत्र रामपाल सिंह, ऋतिक कुमार (10 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र सिंह, लक्ष्मी पत्नी सुरेंद्र सिंह, कुमारी राधिका (8 वर्ष) पुत्री सुरेंद्र सिंह बाइक द्वारा रविवार को रतुपुरा जनपद मुरादाबाद अपनी रिश्तेदारी में गए हुए थे। सोमवार को घर वापस आ रहे थे जैसे ही वह शाम लगभग 6:30 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम मान. नगर (भूतपुरी) पहुंचे तो उनकी बाइक के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 734 फोर लाइन पर घूम रहे आवारा गौवंश के सामने आ जाने से बाइक का संतुलन बिगड़ जाने के कारण रोड़ पर गिरकर चारों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई परंतु काफी देर तक एंबुलेंस ना पहुंच पाने के कारण घायल सड़क पर तड़पते रहे, तभी धामपुर की ओर से आ रहे एक निजी पिकअप वाहन को रोककर राहगीरों ने घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। यहां सुरेंद्र व रितिक की गंभीर अवस्था देखते हुए डॉ. मोहित व फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। लक्ष्मी कुमारी व राधिका को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गंभीर घायल रितिक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# भाकियू टिकैत का टोल प्लाजा पर 33 घंटे तक धरना, किसानों की मांगें हुई पूरी

## किरतपुर के लोगों के लिए होगा टोल फ्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भनेड़ा टोल प्लाजा पर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं का धरना 33 घंटे बाद उस समय समाप्त हुआ, जब एडीएम प्रशासन विनय कुमार के नेतृत्व में हुई वार्ता में किसानों की मांगें मान ली गईं। अब टोल कर्मी 10 किलोमीटर की परिधि में निवास करने वाले ग्रामीणों और किसानों से टोल शुल्क नहीं वसूलेंगे। किरतपुर निवासियों के लिए भी टोल को पूर्ण रूप से मुक्त कर दिया गया है।

सोमवार को धरने के दूसरे दिन भी भारी बारिश के बावजूद भाकियू कार्यकर्ता टोल प्लाजा पर डटे रहे और टोल कलेक्शन को पूरी तरह ठप रखा। किसानों का आरोप था कि टोल कर्मी स्थानीय ग्रामीणों और आम जनता के साथ दुर्व्यवहार करते हैं तथा जबरन टोल वसूली की जाती है। धरने पर एडीएम विनय कुमार, एसडीएम विजय शंकर, एसपी सिटी संजीव बाजपेयी, सीओ नीतेश प्रताप सिंह, तथा नेशनल हाईवे के इंजीनियर आशीष शर्मा मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता की। वार्ता में किसानों की मुख्य मांग 10 किलोमीटर की सीमा तक के ग्रामीणों को टोल फ्री करना मान ली गई। इसके अतिरिक्त, टोल प्लाजा पर तैनात मैनेजर ने किसानों से अपने दुर्व्यवहार के लिए खेद व्यक्त किया। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने बताया कि लंबे समय से टोल कर्मियों का व्यवहार आपत्तिजनक रहा है और आम जनता के साथ गलत तरीके से वसूली की जा रही थी। इस मुद्दे पर संगठन गंभीर था, इसलिए आंदोलन जरूरी हो गया। वार्ता सफल रहने के बाद किसानों ने अपनी शर्तों पर धरना समाप्त कर दिया।

इस दौरान भाकियू तहसील प्रभारी देवदत्त शर्मा, अवनीश कुमार, जिबरीश अहमद, ऋषिपाल सिंह, आदिल जैदी, राहत आलम एडवोकेट, रामेंद्र सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत अशोक कटारिया ने किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हीमपुर पृथ्या में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान के लिए पूर्व परिवहन मंत्री एवं वर्तमान एमएलसी अशोक कटारिया ने गांववासियों को एक हजार फलदार एवं छायादार वृक्षों के पौधे भेंट किए। उन्होंने गांववासियों एवं बुद्धिजीवी नागरिकों के साथ मिलकर बड़ी संख्या में फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इससे पूर्व एमएलसी अशोक कटारिया ने श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान दिवस पर याद किया। उन्होंने सभी गांववासियों से अपील करते हुए कहा कि वह एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा अन्य लोगों को भी इस अभियान के साथ-साथ पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक करें। लगातार होते वृक्ष कटान को देखते हुए एक पेड मां के नाम यह मुहिम काफी आवश्यक है। सभी को एकजुट होकर इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। पेड़-पौधों से ही हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए जागरूक किया गया। जिस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है और पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, इसे दूर करने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करें।

# मेरठ हाईवे पर घंटों लगा रहा लम्बा जाम

## आराम फरमाते रहे अधिकारी, वाहनों में फंसे रहे यात्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद की यातायात व्यवस्था बुरी तरह से फ्लाप होकर रह गई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तत्काल भारी भरकम चालान तो कर दिया जाता है, लेकिन यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए गंभीरता के साथ कोई प्रयास नहीं किया जाता है। हालात इतने खराब है कि बैराज मार्ग पर घंटों जाम लगा रहा और वाहनों में सवार मासूम बच्चों से लेकर बुजुर्ग परेशान रहे, लेकिन भ्रष्ट अधिकारी अपने घरों में आराम फरमाते रहे।




प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात मेरठ-पौड़ी मार्ग पर नवनिर्मित हाईवे पर मिनी पुल बनाने के लिए इकट्ठा की गई मिट्टी बारिश से बहकर सड़क पर आ गई। जिसमें एक लोडेड ट्रक फंस गया। ट्रक के फसने के कारण हाईवे पर लम्बा जाम लग गया। जाम के कारण दिल्ली और मेरठ जाने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा रद्द करना पड़ी। दोनों तरफ वाहनों की कई किलो मीटर लम्बी लाइन लग गई। जाम में बीमारों के वाहन भी फंस गए। साथ ही विभिन्न समाचार पत्रों की गाड़ियां भी जहां-तहां इसमें फंस गई। गाड़ियों में सवार बच्चे बिलखते रहे। बुजुर्गों का भी बुरा हाल था।

जाम में फंसे वाहनों में सवार लोगों ने जाम खुलवाने के लिए अधिकारियों को भी उनके मोबाइल पर कॉल कर सूचना दी। लेकिन अधिकारियों का रटा रटाया जवाब था कि अभी जाम खुलवाते है। फिर भी घंटों जाम नहीं खुला। कोई भी वरिष्ठ अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर नहीं पहुंचा। सूचना मिलने के बावजूद एनएचएआई का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। मुजफ्फरनगर पुलिस ने भी जाम खुलवाने की अपनी जिम्मेदारी को समय पर नहीं निभाया। जिसकी वजह से जाम आज दोपहर तक लगा रहा। जाम की वजह से ट्रक चालक भी काफी परेशान थे। कई वाहन वाया गजरौला होकर मेरठ व दिल्ली गए।

गौरतलब है कि एनएचएआई द्वारा बनाये जा रहे हाईवे पर देवल के पास एक मिनी पुल का निर्माण कराया जाना है। इसके निर्माण के लिए वहां मिट्टी का एक बड़ा ढेर इकट्ठा किया गया था। बारिश के कारण मिट्टी का यह ढेर बहकर सड़क पर आ गया। इसी मिट्टी में बीती रात करीब साढ़े तीन बजे एक ट्रक फंस गया। जिससे दिल्ली मार्ग पर जाम लग गया। देखते ही देखते ये जाम दोनों तरफ कई किलोमीटर तक लग गया। जाम में फंसे लोग परेशान हो गये। मुजफ्फरनगर व बिजनौर के अधिकारियों को लोगों ने मैसेज व फोन किये। बिजनौर से ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज रवि नैन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने की कोशिश की। आरोप है कि सूचना के बावजूद मुजफ्फरनगर पुलिस और एनएचएआई के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। आज सुबह करीब नौ बजे मुजफ्फरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और बिजनौर पुलिस के साथ मिलकर फंसे हुए लोडेड ट्रक को निकाला।

# मण्डावर थाने में महिलाओं का प्रदर्शन

## मंदिर तोड़ने के लिए दबाव डालने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** सीओ सिटी द्वारा शनिदेव की मूर्ति को उखड़वाने और मंदिर को तोड़ने का दबाव बनाने को लेकर विहिप व बजरंग के कार्यकर्ताओं ने महिलाओ के साथ थाने में धरना प्रदर्शन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर में शनिदेव की प्रतिमा को उखड़वाने और मंदिर को तुड़वाने के लिए एक परिवार को परेशान किए जाने पर आज विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाने पर धरना प्रदर्शन शुरू किया । विहिप नेता कैलाश, आरएसएस के पंकज और भाजपा नेता राजीव राजपूत के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता और महिलाएं इकठ्ठा होकर थाने पहुंची। जहां वह मूर्ति तोड़ने का विरोध करते हुए धरना देकर बैठ गई। महिलाओं और हिंदू नेताओं का आरोप है कि उनके गांव रतनपुर में शनिवार को पीपल देवता मंदिर में शनिदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। मूर्ति का विधि विधान के साथ ग्राम में भ्रमण भी कराया गया था। जिससे खिन्न होकर ग्राम प्रधान ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। सीओ सिटी ने मौके पर पहुंच कर प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति को मंदिर से उखड़वा दिया और मंदिर को तोड़ने के लिए एक परिवार पर दवाब बनाना शुरू कर दिया । जिसका उन्हे कोई अधिकार नहीं था। धरने में टीकम सिंह, अमन पाल, हिमेंद्र सिंह, रजत सिंह, सुशील करवाल, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे । रात करीब नौ बजे एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी व सीओ सिटी राकेश वशिष्ठ ने आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

# ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण

## प्रतिनिधियों ने सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा भूतल स्ट्रांग रूम सहित स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों को खुलवाकर विधानसभा वार संरक्षित ईवीएम का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचा. लित पाई गईं।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने भूतल एवं प्रथम तल स्थित स्ट्रांग रूम, सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो मानक के अनुरूप संचालित पाई गईं। उन्होंने नजीबाबाद, धामपुर, नहटौर, नूरपुर, नगीना विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम चेक किया, जहां सुरक्षा के सभी मानक पूर्ण पाए गए। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### एक नजर

## राहुल राजपूत रोहतक में सम्मानित



**बिजनौर।** रोहतक में आयोजित नेशनल थैलेसीमिया सेमिनार में हिन्दू ब्लड बैंक सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट बिजनौर को सम्मानित किया गया। हरियाणा के रोहतक में 'हम और आप सोशल वेलफेयर सोसाइटी' व 'रक्तगिरी फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेशनल थैलेसीमिया सेमिनार एवं सम्मान समारोह में बिजनौर का प्रतिनिधित्व कर राहुल राजपूत को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन सभी रक्तदाताओं साथियों को समर्पित है, जिनके रक्तदान के सहयोग से संस्था रक्तदान शिविरों के माध्यम से सहयोग कर रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया मुक्त भारत की दिशा में जन जागरूकता बढ़ाना रहा।

# करंट से महिला की मौत

**हल्दौर।** गांव खतापुर निवासी 56 वर्षीय कालू सिंह की पत्नी संतोष पशुओं के लिए कुट्टी मशीन पर चारा काटने पहुंची। उस समय बिजली आ रही थी। उसने जैसे ही कुट्टी मशीन के पहिए पर हाथ रखते ही वह करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे उपचार के लिए बिजनौर निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने कोई कार्रवाई करने से मना कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला ने कहा कि परिजन कोई कार्रवाई करने से इंकार कर दिया है।

# नरेंद्र सिंह आचार्य का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के बड़े शिव मंदिर सभागार कक्ष में सोमवार को रालोद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के नवागत जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार प्रदेश भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि भावनाओं में बहकर नहीं, बल्कि सोच-समझकर वोट देना चाहिए, क्योंकि रालोद एक किसान हितैषी पार्टी है, जो चौधरी चरण सिंह की विचारधारा पर कार्य करती है। उन्होंने चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के लिए किए गए कार्यों को याद दिलाते हुए कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान आगामी 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह पम्मी ने की, जबकि संचालन निपेंद्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर रालोद के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, ठाकुर नरेंद्र सिंह, दुष्यंत सिंह, मनीष चौहान, सोनू चौहान, संजीव कुमार, राजेश देवल, संदीप कुमार, भोले चौहान, चंद्रपाल कश्यप, राशिद, निरंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

# गंगा, जिला वृक्षारोपण व जिला पर्यावरण समिति की बैठक

## गंगा तटीय गांवों में ग्राम वनों का विकास करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज स्थानीय कलेक्ट्रेट सभागार में गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेई, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष रोपित होने वाले पौधों को वन विभाग से उठा कर और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देश दिए कि प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र में ऑक्सी वन शत प्रतिशत रूप से विकसित करना सुनिश्चित करें तथा सार्वजनिक खाली भूमि पर भी वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को वृक्षोरापण-2025 कार्यक्रम के दौरान इमारती लकड़ियों के अलावा फलदार एवं हरिशंकरी पौधों को अधिक मात्रा में रोपण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने वन,पंचायती राज सहित अन्य बड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़े भूभाग चिन्हित करते हुए सुनियोजित रूप से वृक्षारोपण कराएं और उसके सौंदर्यकरण के लिए फूलदार वृक्षों की बाढ़ भी लगाएं।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने नगर निकाय क्षेत्र में अटल वन, एकता वन, एकलव्य वन, पर्यावरण वन, शौर्य वन के लिए भूमि का चिन्हांकन करते हुए उन्हें विकसित कराएं तथा उन स्थानों का सौंदर्यकरण करते हुए लोगों के बैठने के लिए बेंच आदि का निर्माण भी कराएं ताकि नगरवासी शुद्ध वातावरण से आनंदित हो सकें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष कर गंगा तटीय गांवों में ग्राम वनों का विकास करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान वाहनों से जनित उत्सर्जन के नियन्त्रण के लिए किये गये उपायों की समीक्षा की गयी। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016 के अनुपालन के अन्तर्गत एमआरएफ सेन्टर प्रबन्धन, साथ ही स्थानीय निकाय के विभिन्न क्षेत्रों से जनित नगरीय ठोस अपशिष्ट के एकत्रण तथा अन्तिम निस्तारण तक परिवहन किये जाने के लिए सेकेण्ड्री स्टोरेज फैसेलिटीज एवं उसकी कम्पोस्टिंग/आरडीएफ, लिगेसी वेस्ट की स्थिति पर चर्चा की गयी।

जिला गंगा समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए दिए कि बॉर्डर के गांव में विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए जन संरक्षण के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें तथा सार्वजनिक स्थान जैसे स्कूलों स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्र आदि पर वाल पेंटिंग भी कराएं।

शहरी क्षेत्रों से आने वाले नाला. ें/ड्रेनेज के चिन्हीकरण की स्थिति तथा सीवरेज ट्रीटमेन्ट सन्यन्त्रों को अद्यतन रखते हुए नियमित रूप से संचालन के निर्देश दिए।

# सर्राफा की दुकान पर पुलिस का छापा

## सर्राफ को पुलिस ने हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** सोमवार की शाम कस्बे के मेन बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पुलिस की दो गाड़ियां एक सर्राफा व्यापारी की दुकान के बाहर आकर रुकीं। भारी संख्या में पुलिस बल को देखकर जहां व्यापारी हड़बड़ा गया, वहीं राहगीरों को भी कुछ समय के लिए आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार बिजनौर की एसओजी टीम ने थाना किरतपुर व थाना नांगल सोती पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने व्यापारी के घर और दुकान की तलाशी ली और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त सर्राफ को किसी गंभीर मामले में संदेह के आधार पर उठाया गया है, हालांकि इस संबंध में पुलिस ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से न तो छापेमारी का कारण स्पष्ट किया गया था और न ही हिरासत में लिए गए व्यापारी का कोई विवरण नहीं दिया।

## सार्वजनिक सूचना

सीमा पत्नी गोविन्द सिंह निवासी ग्राम मुकीमपुर पदारथ, पोस्ट छितावर, थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद ने सूचना देते हुए कहा कि वो 25/06/2025 को शहर बिजनौर में सामान खरीदने गई थी और घर से मैं अपना एक बैग जिसमें मेरा बिजली का बिल व मेरी पीएनबी की किताब, आधार कार्ड व पेन कार्ड और मेरी पुत्री पूजा की हाई स्कूल की मार्कशीट व पीएनबी की किताब व आधार कार्ड थे। जो कि बिजनौर से वापस आते समय कही गिर गए है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल पाए। यदि मेरा बैग किसी को मिले, तो मोबाइल नंबर 7217434908 पर संपर्क करने की कृपा करें।

# खरीदारी करने आई महिला से ठगी कुंडल और पर्स लेकर शातिर फरार

## सम्मोहन के जरिए वारदात को दिया अंजाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिनदहाड़े ठगी की बड़ी वारदात सामने आई जिसने न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए बल्कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ा दी। जैतरा निवासी हेमलता चौहान पत्नी हितेंद्र कुमार रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए मार्केट आई हुई थीं। दोपहर के समय जब वह एक दुकान के पास खड़ी थी, तभी दो युवक उनके पास पहुंचे और मदद मांगने के बहाने बात. चीत में उलझा लिया।

पीड़िता के अनुसार युवकों ने धीरे-धीरे बातों का ऐसा जाल बिछाया कि वह खुद को असहाय महसूस करने लगीं। महिला का कहना है कि उसे अचानक चक्कर जैसा महसूस हुआ और वह मानसिक रूप से शिथिल हो गईं। इस दौरान युवकों ने उनके कानों से सोने के कुंडल उतार लिए और पर्स भी लेकर फरार हो गए। पर्स में लगभग 4000 रुपये की नकदी, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड आदि जरूरी दस्तावेज भी मौजूद थे।

कुछ देर बाद जब महिला को होश आया, तो उसने देखा कि न तो पर्स है और न ही कुंडल। होश में आने पर महिला ने तुरंत राहगीरों से मदद मांगी और फिर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी।

पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। फिलहाल दोनों युवक फरार है। उधर सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची, पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

# कल्हेड़ी में शारिक अंसारी ने शुरू की फ्री जनरेटर सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी शारिक अंसारी द्वारा लोगों को फ्री जनरेटर सुविधा देने की चर्चा क्षेत्र में हो रही है।

शारिक अंसारी अति शीघ्र फ्री एम्बुलेंस सेवा भी पंचायत के लोगों को देने जा रहे हैं। इससे पहले शारिक अंसारी ग्राम के बिजली के खंभों की खराब हो चुकी लाइट भी सही करवा चुके हैं। गत 26 जनवरी को उन्होंने पंचायत के लोगों को सुविधा प्रदान करते हुए फ्री जनरेटर सेवा भी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि शारिक असारी कल्हेड़ी के मशहूर टेलर मरहूम शाहिद अंसारी के बेटे हैं।

ऐसी भी चर्चा है कि उनकी तरफ से कई अन्य फ्री सेवाएं भी पंचायत के लोगों को मिलने वाली हैं।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

## कांवड़ यात्रा को लेकर दिए दिशा निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सावन महीने में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में स्योहारा थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने फव्वारा चौक स्थित धामपुर-मुरादाबाद मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाते हुए थाना प्रभारी ने व्यापारियों और दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने खाद्य विक्रेताओं, मीट व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं को साफ-सफाई के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि सावन के पावन महीने में धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले किसी भी कृत्य पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सड़क किनारे अस्थायी दुकानों और ठेलों को भी हटाया गया ताकि कांवड़ यात्रा मार्ग पर आवागमन सुचारू रहे। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहनों पर चलने वालों के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों और एक बाइक पर तीन सवारी बैठाने वालों को चेतावनी देते हुए मौके पर चालान भी काटे गए। पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सफाई और कानून-व्यवस्था को बनाए रखना प्राथमिकता है। आम जनता से भी सहयोग की अपील की गई है ताकि श्रावण मास में श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुगम बन सके।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के साथ कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक असकर खान, उप निरीक्षक सुरजीत सिंह, विवेक कुमार, अभिषेक कुमार, बृजपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस मनाया

## कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद बांटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महान दानवीर भामाशाह की जयंती एवं व्यापारी कल्याण दिवस को श्रद्धा एवं उल्लासपूर्वक मनाया गया।

रविवार देर शाम भगत सिंह चौक पर सर्व समाज की ओर से भामाशाह जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर के प्रबुद्ध नागरिकों व व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप के परम मित्र व सहयोगी थे। उन्होंने अपनी समस्त संपत्ति राष्ट्र की रक्षा हेतु समर्पित कर एक ऐतिहासिक मिसाल पेश की। आज भी उदारता और राष्ट्र सेवा के प्रतीक के रूप में दानदाताओं को भामाशाह की उपाधि दी जाती है। वे ओसवाल जैन समाज से संबंध रखते थे। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने भामाशाह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसे सभी श्रद्धालुओं ने ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर जयवीर सिंह सिसोदिया, डॉ. अमित गुप्ता, दिनेश चंद्र नवीन, सचिन अग्रवाल, अंकुर गोयल, अनिल शर्मा, नरेश कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## स्टेडियम में बच्चों के लिए स्लाइडर और झूले लगेंगे

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में बच्चों के लिए खेल सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। प्राधिकरण स्टेडियम परिसर में पार्किंग के सामने खुले क्षेत्र में बच्चों के लिए स्लाइडर और झूले लगवा रहा है। प्राधिकरण के डीजीएम विजय रावल ने कहा कि स्लाइडर और झूले बच्चों की उम्र और सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं। इसके अलावा यहां कई अन्य मनोरंजक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। छोटे खेल के मैदान और बैठने की व्यवस्था भी होगी। यह बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को जल्द पूरा करने का लक्ष्य है। अगले कुछ हफ्तों में यह क्षेत्र बच्चों के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

# द्विवार्षिक अधिवेशन व चुनाव सम्पन्न

## राजकीय वाहन चालक संघ के 10वीं बार नरेंद्र कुमार जिला मंत्री बने



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में राजकीय वाहन चालक संघ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी चंद्रहास सिंह अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष, सहायक चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ चुनाव पर्यवेक्षक डॉ. कृष्णकांत राहुल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नामांकन अधिकारी संजीव कुमार, क्षेत्रीय मंत्री राजकीय वाहन चालक महासंघ मुरादाबाद की देखरेख में संपन्न हुआ।

जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर फ्रैंक आस्कीन, जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनचंदा, उप मंत्री अमित मेहरोत्रा, संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार, संगठन मंत्री नरेश कुमार, कार्यालयाध्यक्ष विजयपाल सिंह, प्रचार मंत्री सुशील कुमार, ऑडिटर जबर सिंह, कोषाध्यक्ष वीर सिंह, उपाध्यक्ष मधुसूदन वर्मा, संरक्षक मानवीर सिंह, सलाहकार महिपाल सिंह एवं रामपाल सिंह निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया में सभी पदों पर एक-एक नामांकन हुआ। जिसके सापेक्ष सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा के पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए यदि हम संगठित होकर संघर्ष करेंगे, तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने सभी को संघ के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं संघ के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र कुमार शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि कि सभी नियमित रूप से संघ की गतिविधियों में भाग लें और संग की मजबूती के लिए निरंतर प्रयास करें। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत राहुल ने कहा कि संगठन के सभी सदस्य संघ के लक्ष्यों और उद्देश्यों को समझें। संघ के सदस्यों के साथ सहयोग करें। साथ ही संघ के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। तभी सेवा को सुरक्षित रख सकते हैं। राजकीय वाहन चालक महासंघ जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह एवं जिला मंत्री सुनील दत्त शर्मा ने सभी निर्वाचन पदाधिकारी को बधाई देते हुए संगठन के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। अधिवेशन में उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश पाल, हरगोविंद सिंह, लेखाकार हेमराज सिंह, अजय कुमार, राजेंद्र सिंह, चंद्रदेव ललित कुमार, शोहराब खां, सुशील कुमार, संजय कुमार, राजीव सिंह आदि ने विचार व्यक्त किया।

# स्योहारा के चिकित्सक कोरोना काल में मानवता की मिसाल बने

## डॉक्टर आज भी समाजसेवा में अग्रणी: नईमुल हसन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी नईमूल हसन ने नगर के डॉक्टर के कामों की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने जब पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था। उस कठिन समय में जब लोग अपने घरों में कैद थे और अपनों से मिलने से भी डरते थे, तब भी स्योहारा के डॉक्टर समाज ने बिना रुके, बिना थके अपनी जान जोखिम में डालकर मानवता की सेवा की।

हाजी नईमुल हसन ने कहा कि 24 घंटे सेवा में तत्पर रहे डॉक्टरों ने दिन-रात काम करके सैकड़ों मरीजों का इलाज किया। क्वारंटाइन सेंटरों और कोविड अस्पतालों में सेवाएं दीं। कई बार डॉक्टर खुद संक्रमित हुए फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी। अपनी जिम्मेदारी को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने फिर से समाज की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया। मानवता का दूसरा नाम बना डॉक्टर समाज। स्योहारा के चिकित्सकों ने न केवल कोरोना के मरीजों का इलाज किया बल्कि गरीब और असहाय लोगों को मुफ्त परामर्श दवाइयां और जरूरतमंदों को राशन तक उपलब्ध कराया।

स्योहारा का डॉक्टर समाज आज युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बन चुका है। इनकी सेवा भावना यह संदेश देती है कि यदि नीयत नेक हो तो हर मुश्किल का सामना कर समाज की सेवा की जा सकती है। कोविड के दौरान निभाई गई इनकी भूमिका और आज भी समाज के प्रति समर्पण देखकर शाह टाइम्स डॉक्टर समाज को हृदय से सलाम करता है। यह उम्मीद की जाती है कि आने वाले समय में भी ये चिकित्सक इसी तरह समाज की सेवा करते रहेंगे।

# बारिश बनी मुसीबत, मिट्टी का घर गिरा

## मुंशीराम के आंसुओं को पोंछने आई ब्लॉक प्रमुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एक ओर जहां बारिश लोगों के लिए राहत लाती है, वहीं गरीबों के लिए यह आफत बन जाती है। ऐसा ही एक मार्मिक मामला धामपुर तहसील के ग्राम मनकुआ में सामने आया, जहां सोमवार सुबह लगातार बारिश के चलते मुंशीराम प्रजापति का मिट्टी से बना कच्चा घर भरभराकर गिर गया। बारिश ने उनका आशियाना छीन लिया और अब पूरा परिवार खुले आसमान तले जीवन यापन को मजबूर है।

मुंशीराम जो पेशे से मेहनतकश मजदूर हैं, अपने छोटे से परिवार पत्नी सरिता देवी, एक बेटा और दो बेटियों के साथ इसी घर में रह रहे थे। बारिश के चलते जब घर गिरा, तो बच्चों की चीख और मां-बाप की बेबसी गांव वालों के दिल को दहला गई। गनीमत रही कि कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन सिर से छत छिनने का दर्द साफ झलक रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधान कलावती देवी और ग्राम सचिव मोहित कुमार से संपर्क कर पूरी स्थिति की जानकारी ली। तत्काल तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल को मौके की सूचना दी गई। ब्लॉक प्रमुख ने स्वयं पीड़ित परिवार से मुलाकात कर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पक्का मकान बनवाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि गरीबी किसी की लाचारी नहीं बननी चाहिए। शासन की योजनाएं ऐसे लोगों के लिए ही हैं और मैं व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करूंगी कि मुंशीराम को जल्द से जल्द एक सुरक्षित घर मिल सके। मुंशीराम की कहानी आजादी के इतने वर्षों बाद भी ग्रामीण भारत की असल तस्वीर को उजागर करती है। जहां आज भी कई गरीब परिवार एक पक्की छत के सपने को पूरा नहीं कर पाए हैं।

# 108 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** उड़ीसा से इनवर्टर की खाली बाड़ी में गांजा छिपाकर दिल्ली लाने वाले गिरोह के सरगना समेत चार तस्करों को फेज दो थाने की पुलिस और सीआरटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को दबोच लिया। तस्करों के पास से इनवर्टर की बाड़ी में रखा 108 किलो गांजा बरामद हुआ है। बरामद गांजे की बाजार में कीमत 30 लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि नशा तस्करों पर शि. कंजा कसने के लिए पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। थानों की पुलिस के अलावा सीआरटी और स्वॉट की टीमें भी अभियान का हिस्सा हैं। सोमवार को टीमों को सूचना मिली गांजे की तस्करी के लिए कुछ तस्कर ग्राहक तलाशने के लिए निकले हैं। इसके बाद टीमों ने निगरानी बढ़ा दी और समूह बनाकर चेकिंग अभियान चलाया। सेक्टर-88 के निम्मी विहार के सामने जब पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी, उसी दौरान चार युवक उधर से गुजरे। संदिग्ध लगने पर जब टीम ने युवकों से पूछताछ की तो सामने आया कि सभी शातिर किस्म के गांजा तस्कर हैं और उनके तार उड़ीसा से होने वाली तस्करी से जुड़े हैं। तस्करों की पहचान मुजफ्फरनगर के छपार निवासी अब्दुल्ला और सोवान, महमूदनगर निवासी शाबान और समीर हसन के रूप में हुई है।

**अब्दुल्ला ही गिरोह का सरगना:** अब्दुल्ला, शाबान हसन और समीर हसन की उम्र 20 साल जबकि सोवान की 19 साल है। सरगना अब्दुल्ला अशिक्षित है। शाबान और समीर आठवीं जबकि सोवान पांचवीं पास है। गिरोह से जुड़े अन्य तस्करों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्त में आए तस्करों का आपराधिक इतिहास पता करने के लिए सेंट्रल नोएडा जोन की पुलिस ने आसपास के जिलों और राज्यों के थानों से संपर्क किया है।

## एक नजर

### वृद्ध ने गोली मारकर आत्महत्या की

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम सोपुरी निवासी 65वर्षीय परशुराम पुत्र रामचंद्र कश्यप ने घर में रखे अवैध देशी तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। वृद्ध की आत्महत्या का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### मारपीट का आरोपी अरेस्ट

**चांदपुर।** ग्राम मझौला निवासी वादी ने 26 जून को चांदपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र देते कहा था कि मांगेराम पुत्र नामालूम निवासी मझौला गुर्जर, थाना शिवाला कलां सहित पांच अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने वादीं का रास्ता रो. ककर उस पर लाठी डण्डों से मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था तथा जान से मार देने की धमकी दी थी। जिसको लेकर पीड़ित व पीड़ित का परिवार डरा सहमा हुआ था। पुलिस ने वादी के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुअसं.162/2025 धारा 126(2)/191(2)/115(2)/351(3)/109(1) बीएनएस थाना चांदपुर में दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी थी। विवेचना के दौरान 20 जून 2025 को अरूण कुमार पुत्र गजे सिंह निवासी ग्राम मुकरपुर, थाना हीमपुर दीपा व विकास कुमार पुत्र परवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम उलेढ़ा, थाना हीमपुर दीपा के नाम प्रकाश में आये। पुलिस ने आज 29 जून को अरूण कुमार पुत्र गजे सिंह को स्याऊ तिराहे के पास से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

### चाकू के साथ युवक को पकड़ा

**चांदपुर।** स्थानीय पुलिस ने एक युवक को एक नाजायज चाकू के साथ संदिग्धावस्था में घूमते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक अदद चाकू भी बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त का नाम बिट्टू पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम सैंद्वार बताते हुए उसके विरूध मुअसं. 380/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर बिट्टू का चालान कर दिया। मुखबिर की मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**धामपुर।** श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना धामपुर में निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने लगभग 120 रोगियों का परीक्षण कर उपचार प्रदान किया। शिविर में डॉ. सुमित सिंह, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. रवींद्र सिंह, डॉ. मनु रस्तोगी, डॉ. गौहर फैयाज, और एम. एम. गिल जैसे चिकित्सकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। रोगियों की शुगर, हीमोग्लोबिन और ब्लड प्रेशर जांच की गई और आवश्यक दवाएं नि:शुल्क वितरित की गईं। शिविर के सफल संचालन में हॉस्पिटल स्टाफ तुषार चौहान, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, वर्षा चौहान, वंदना चौहान, ओमप्रकाश, लक्ष्मी पाल, निशा रानी और निशु रानी का सराहनीय सहयोग रहा। हॉस्पिटल चेयरमैन डॉ.एन.पी.सिंह और डायरेक्टर डॉ.शिखा सिंह स्वयं भी उपस्थित रहे और शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। शिविर के माध्यम से क्षेत्रवासियों को एक सशक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल ने जनसेवा की मिसाल पेश की।

### भाजपा मंडल मंत्री पर हमले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में एक भाजपा मंडल मंत्री पर महिला और उसके परिवार को पीटने का मामला सामने आया है। यह घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सोमवार को पड़ोसियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपी भाजपा नेता ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पड़ोसी महिला और उसके परिवार पर हमला कर दिया। उन्होंने चप्पल और डंडों से मारपीट की।

# भाकियू का बिजलीघर पर धरना आज से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने बिजली विभाग को एक बार फिर चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि तय समयसीमा तक विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन 1 जुलाई 2025 को बगदाद अंसार बिजलीघर पर धरना देने के लिए बाध्य होगा।

जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा ने बताया कि विगत 20 जून 2025 को अधिशासी अभियंता, धामपुर (एससी) को एक ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें 30 जून तक समाधान की समयसीमा दी गई थी। यूनियन का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिजली आपूर्ति की अनियमितता, जर्जर तार और ट्रांसफार्मर की समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, न्याय पंचायत अध्यक्ष भानु प्रताप राणा, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान और अन्य पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों की अनदेखी की गई, तो यह धरना एक जन आंदोलन का रूप ले सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग एवं प्रशासन की होगी। धरने को समर्थन देने वालों में वीरेंद्र सिंह, सुरेश चौहान, बलवंत चौहान, संजय चौहान, सुशील चौहान, भागेश कुमार, नरेंद्र प्रधान, विपिन प्रधान, राजीव शर्मा समेत कई स्थानीय किसान नेता शामिल रहेंगे। यूनियन ने अपने पुराने नारे 'जय जवान, जय किसान' के साथ आंदोलन को तेज करने की रणनीति बना ली है।

# इमाम हुसैन की याद में मजलिसें

## हुर ने करबला के युद्ध में इमाम हुसैन का साथ दिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव छजुपुरा सादात में नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में आयोजित होने वाली मजलिसों के तीसरे दिन की पहली मजलिस दरगाहे फातेमा जैहरा तथा दूसरी मजलिस इमाम बारगाह में आयोजित हुई मजलिसों को जाकिर मौहम्मद रजा व मौलाना मैहदी अब्बास जैदी ने सम्बोधित किया

इमाम बारगाह में आयोजित मजलिस में मौलाना मैहदी अब्बास ने अपने सम्बोधन में कहा कि करबला की जंग में हुर इब्ने यजीद अल-रियाही का किरदार एक महत्वपूर्ण किरदार था। शुरुआत में हुर यजीद की सेना के एक कमांडर थे, लेकिन बाद में उन्होंने इमाम हुसैन के प्रति निष्ठा बदल दी और उनके साथ शहीद हो गए।

हुर उमय्या सेना के एक कमांडर थे, जिन्हें इमाम हुसैन के काफिले को मदीना से कूफा जाने से रोकने के लिए भेजा गया था। जब हुर ने इमाम हुसैन को रोका, तो उन्होंने उनसे बहस की और फिर उन्हें एहसास हुआ कि इमाम हुसैन सही हैं। इसके बाद हुर ने अपनी सेना को जाने दिया और खुद इमाम हुसैन के साथ हो गए। हुर ने कर्बला के युद्ध में इमाम हुसैन का साथ दिया और यजीद की सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया और कर्बला के शहीदों में शामिल हो गए। हुर का बलिदान शिया और सुन्नी दोनों मुसलमानों के लिए एक प्रेरणा है।

हुर का चरित्र यह दर्शाता है कि सत्य के मार्ग पर चलने के लिए किसी भी समय अपना पक्ष बदला जा सकता है, भले ही वह कितना भी मुश्किल क्यों न हो। हुर को कर्बला के शहीदों में एक महान व्यक्ति माना जाता है।

मजलिसों में मरसिया खानी मौहम्मद रजा, नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, आलम जैदी, रौशन अब्बास ने तथा नोहे खानी सादिक रजा, सालिम जैदी व रौशन अब्बास, गाजी अब्बास, अम्मार जैदी ने की। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने किया।

# बारिश में गिरा विधवा का मकान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिरसी।** कस्बे में विधवा का कच्चा मकान बारिश में भरभराकर गिर गया। जिसमें महिला के घर का सारा सामान मलबे में दब गया। गनीमत रही कि विधावा उस समय घर नहीं थी।

मौहल्ला सादक सराय निवासी सुभान का लगभग 26 वर्ष पूर्व निधान हो चुका है। उनकी विधवा पत्नी कल्लो (60) घर में अकेली रहती है।

महिला ने बताया कि उसकी पांच बेटियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। इस वजह से अपने मकान मे अकेली रहती है। महिला के अनुसार वे सुबह सात बजे दुकान से कुछ सामान लेने गई थी कि इसी बीच मकान गिरने की आवाज सुनकर दौड़कर पहुंची तो मकान की छत पूरी तरह गिर चुकी थी और घर में रखा संदूक बर्तन, पलंग आदि मिटटी में दब गए । वार्ड सभासद कयामुददीन सैफी का घर भी करीब में है वे भी तुरंत पहुंच गए। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में विधवा का फार्म कई साल पहले भरा जा चुका है अगर लाभ मिल जाता तब इस घटना को टाला जा सकता था।



बारिश में गिरे मकान के मलबे में दबा सामान देखती विधवा।

## जुलाई माह में चलेगा पौधारोपण अभियान

**बबराला** उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव जुलाई में होगा।जिसमें 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन महोत्सव-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे जनांदोलन बनाने के निर्देश दिए। इस बार प्रदेश की आबादी से ज्यादा 35 करोड़ पौधे एक दिन में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर आधारित इस अभियान में सभी पौधों की जियो टैगिंग और फेंसिंग की व्यवस्था होगी। स्कूलों, अस्पतालों, एक्सप्रेसवे किनारे और नदियों के तटों पर भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराया जाएगा। इसके लिए 52 करोड़ से ज्यादा पौधो तैयार हैं। वन क्षेत्राधिकारी ब्रजमो. हन ने बताया कि जुलाई माह में क्षेत्र में पोधारोपण अभियान चलाया जायेगा। इसकी तैयारियां की जा रही हैं।

# स्कूलों के विलय का विरोध हुआ तेज

## आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्कूलों को विलय करने का रोष बढ़ता ही जा रहा हे। आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओ ने नए शासनादेश पर रोष प्रकट किया और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

प्रदेश महासचिव खिजर गौस के नेतृत्व मे नई तहसील स्थित उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र को उनके कार्यालय पर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार ने 16 जून 2025 को शासनादेश निर्गत कर 50 छात्रें को कम छात्र वाले विधालयों को विलय करने का जो आदेश दिया है, वह शिक्षा का अधिकार अधिनियम के पूरी तरह खिलाफ है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम मे हर बच्चे के घर से 1 किलो मीटर की दूरी पर प्राथमिक विधालय और 3 किलो मीटर की दूरी पर उच्च प्राथमिक विधालय होना आवश्यक है। प्राथमिक विधालय के लिए 300 और उच्च प्राथमिक विधालय के लिए 800 की आबादी का निर्धारण किया गया है।

इस प्रकार सरकारी विधालयों का विलय पूरी तरह गलत है। आजाद अधिकार सेना ने इसके साथ ही शिक्षकों द्वारा मनमाने ढंग से फीस और अन्य प्रकार की वसूली किए जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने की भी मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों मे मण्डल अध्यक्ष जरीफ मिर्जा, मण्डल सचिव नौशाद शेख, जिला उपाध्यक्ष फैजान खान, किशनपाल, नजारूल इस्लाम, आसिफ मसूदी, उस्मान खान, साद आदिल आदि मौजूद रहे।



स्कूलों के विलय के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता

# 5 वां मोहर्रम: इस्लाम जिन्दा कर गया सजदा हुसैन का

## जुल्म से लड़ने वालों की सबसे बड़ी दर्सगाह करबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/सिरसी।** नवास-ए-रसूल हज़रत इमाम हुसैन का नाम 'सिक्का-ए-रायजुल वक्त' की तरह हर दौर के ख़्ला को तौहीद, अदल, नबूवत, इमामत और क़यामत को जक़ात दे रहा है। दुनिया में किसी इन्केलावी रहनुमा को इस अंदाज़ से कौन खिराज पेश करता है।

इतने लश्कर तो किसी बादशाह का खजाना खाली करके भी उससे मुखलिस नहीं होते जितने इंसान आज मेरे हुसैन के लिए 'जाबकफ' नज़र आते है। लम्हा भर को सोचिए तो सही कि हुसैन कितना अज़ीम है कि इतनी सदियां गुज़र गई, मगर हुसैन का ज़िक्र आज भी पहले दिन की तरह ताज़ा ब ताज़ा है। आदम का किस्सा किताबों तक महदूद है। इब्राहीम की दास्तान सहीफे के औराक़ की जीनत, इस्माईल का वाक़या सौ तरह से हर साल एक मखसूस अंदाज़ से सिर्फ उन मुसलमानों से खिराज लेता है जो साहबाने सरवत है। ईसा की कहानी सिर्फ 'फन्टा फॉस' (क्रिसमस वाला बाबा) की सूरत में ढल कर रह गई। दुनिया की दो अज़ीम जंगे अपना वजूद खो चुकी है। एशिया में डेढ़ सौ साल पहले अंग्रेजों के खिलाफ मुसलमानों की नफरत पुराना किस्सा बन चुकी है। मगर कर्बला आज भी पूरी आब व ताब के साथ ज़हनों में मुनव्वर और सीनों में आबाद है। इमाम हुसैन सिर्फ मुसलमानों के लिए लायके एहतराम नही, बल्कि दुनिया भर के मजलूमों का रहनुमा बन चुका, जहाँ जुल्म है वहां जुल्म से टकराने वालों की सबसे बड़ी दर्सगाह करबला है। इस्तेआरा है जुल्म के खिलाफ सब्र की जद्दो जहद का। अलामत है हक़ का तहुफ्फुज़ करने वालों की। ज़मीन पर तन्हा मुअल्ला इलाका है। आसमानों की पेशानी को एहेतेरामन झुकता देख रही है। आलमी अम्न के ख्वाहिश मन्दो के ज़ज्बों की अमीन है। इमाम हुसैन के दिलेर लहू का हर कतरा अपने जलवे लाखों करवलाएं समेटे तारीख से खिराज़ ले रहा है। हुसैन जैसा जरी इंसान तारीख के उफक़ पर तुलू हुआ ही नही और न होगा। ऐसा जरी जिसने तौहीद के अकीदे पर बातिल कूवतों की परछाइयां नही पड़ने दी। नबूवत के तसव्वुर को धुधला नही होने दिया। अदल का मेयार क़ायम करके बादशाहत को पस्पा होने पर मजबूर कर दिया। इमामत की दस्तार को आसमान तक बुलन्द कर दिया। कयामत के यकीन को रूह में आबाद कर दिया... हुसैन गुमान नही यकीन है, हुसैन तशक. ीक नही तमक्कुन है, हुसैन बदग. ुमानी नही एतेमाद है, हुसैन इरादा नही अज़्म है, हुसैन सिर्फ शहीद नही बल्कि सय्यदुल शोहदा है, हुसैन ने जो कुछ किया वह सिर्फ मंशाये इलाह के ताबे होकर किया। रजाये इलाह की खातिर किया और अकीदा तौहीद की ज़िन्दगी के लिए किया। हज़रत इमाम हुसैन ने तारीख और मौअर्रिख दोनों को हैरान कर दिया और साबित किया कि सच के लिए दी गई कोई कुरबानी रायगां नही जाती न ही नाहक़ लहू को छुपा सकती है।

# मोहर्रम पर व्यवस्थाओं को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मौहर्रम के जुलस और कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लकर सपा कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिला सचिव सइद अख्तर इसराइली के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 03 जुलाई को अलम और 4 जुलाई सराय तरीन में मंहदी जबकि 5 जुलाई को षहादत की रात और 6 जुलाई को मौहर्रम है। उन्होने बताया कि इन अवसरों पर भीड़-भाड़ अधिक रहती है। इसलिए उन स्थानों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया जायो साथ ही साफ-सफाई चाक चौबंद रहने और सड़कों पर छिड़काव के साथ चूना आदि डलवाने की व्यवसथा करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में हाफिज वसीम डा. मुस्तफा, रमीज राजा, वसीम खान, इरशाद सत्तार, मौ. नदीम, नबील अहमद, उवैस, फरहान, अनीस,तालिब आदि मौजूद रहे।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता।

# बहला-फुसलाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म

**सम्भल।** थाना नखासा क्षेत्रान्तर्गत घर पर सो रही युवती का अपहरण कर भगा ले जाने व जबरन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने युवक के खिलफ नामजद तहरीर दी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने बताया है कि उसकी पुत्री शुक्रवार की रात को घर पर सोई हुयी थी। रात में करीब 12:10 बजे सतेन्द्र पुत्र हरिराज ग्राम सांथलपुर की मढ़ैया थाना आदमपुर जिला अमरोहा मोटर साईकिल से घर के बाहर आया मेरी उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। सुबह होने पर किशोरी को इधर-उधर काफी तलाश किया गया। मगर किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। 28.जून की सुबह लगभग 9 बजे कस्बा ढबारसी छोड़ कर भाग गया। उसकी बेटी बहुत डरी हुई व भयभीत है। पीड़िता ने घर पर परिजनों को बताया कि उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। युवती को लेकर परिजन थाना नखासा पहुंचे और आरोपी युवक के खिलफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। थाना पुलिस ने आरोपी सतेन्द्र पुत्र हरिराज ग्राम सांथलपुर की मढ़ैया थाना आदमपुर जिला अमरोहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सपा के शासन में प्रदेश में करीब 800 दंगे हुए थे: ओम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समा. जवादी पार्टी (सपा) सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि सपा के शासन में प्रदेश में करीब 800 दंगे हुए थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ वर्षों के कार्यकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ, यह फर्क आम लोगों को समझना होगा।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने जिले के खेतासराय क्षेत्र में अमरेथुआ, नौली सहित तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित सुभासपा कार्यकर्ताओ की बैठकों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ बनानी होगी, ताकि आने वाले चुनावों में सुभासपा की भूमिका निर्णायक हो। उन्होंने इटावा और प्रयागराज की ताजा घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि कानून को हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वाराणसी में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को 'मित्र' कहे जाने पर जब पत्रकारों ने सवाल किया, तो राजभर ने केवल इतना कहा कि बीजेपी में सब ठीक है। इसके आगे टिप्पणी करने से उन्होंने इनकार कर दिया। उन्होंने यह संकेत भी दिया कि वह फिलहाल सियासी समीकरणों से दूरी बनाकर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के एक बयान पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव रात में घर पर जागते रहते हैं और सत्ता पाने के लिए छटपटा रहे हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर करारा प्रहार किया और कहा कि अखिलेश सत्ता पाने को बेताब हैं, लेकिन हमने-संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल और जयंत चौधरी के साथ मिलकर-उनके लिए 'नो एंट्री' का बोर्ड टांग दिया है। उन्होंने कहा कि सुभासपा की राजनीति सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सामा. जिक सम्मान और न्याय के लिए है। राजभर ने दावा किया कि आगामी चुनावों में सुभासपा का प्रदर्शन पहले से भी अधिक प्रभावशाली रहेगा।

राजभर ने पूर्वांचल की राजनी. ति में एक बार फिर गर्माहट ला दी है-जहां एक ओर उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं की प्रशंसा की, वहीं दूसरी ओर सपा और उसके नेतृत्व पर तीखे हमले किए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों के हित में काम कर रही है। इसके पास नीयत भी है और संसाधन भी।

# प्रदूषित हो रहा गंगा का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगा नदी पर नरोरा डेम बना हुआ है। नरोरा डेम के जल से किनारे के गांवों को सिंचाई का साधान मिल रहा है। पापनाशिनी मोक्षदायिनी गंगा मइया का जल सभी को पवित्र करने के साथ ही क्षेत्र से गुजरने वाले स्थानों के लिए बहुमूल्य है।

सभी गंगा में स्नान कर अपने को धन्य मानते हैं। गंगा नदी का जल गंगा के किनारे बसे गांवों में सिंचाई का साधन भी है। यह जलाशय के लिए जल भी उलब्धा कराने में भूमिका निभा रही है। गंगा नदी का जल अब प्रदूषित हो रहा है। इसे सहायक नदियों का मिलने वाला जल भी प्रदूषित कर रहा है। वेसे ऐसी नदियां जल सूखने के कारण दम तोड़ती जा रही हैं।यह खेती के लिए सिंचाई का बड़ा साधन थीं लेकिन अब यह केवल गडढो में तब्दील हो गयी। उसमें गन्दा पानी भरा है। इसका पानी प्रदूषित होने से मानव तो दूर पशु व् पक्षी भी इसका सेवन नहीं कर पा रहे हैं। गंगा नदी आज चाहे प्रदूषित हो गयी है लेकिन सभी की पालन हार है।इसके जल का सेवन पशु पक्षी भी कर रहे हैं। नरोरा गंगाघाट से राजघाट गंगाघाट की दूरी आठ किमी के लगभग है। नरोरा डेम से जल के हिसाब से पानी छोड़ा जाता है। बरसात में जल की अधिकता को रोकना पड़ता है। अभय उर्फ टेस्टी वार्ष्णेय ने कहा कि नरोरा गंगाघाट से जल को शुद्व करने के लिए स्वंय सेवक सफाई अभियान चलाते हैं। यहां से राजघाट रेलवे स्टेशन की दूरी पांच किमी है।

# न्यायिक आयोग ने नहीं दर्ज किए आजाद अधिकार सेना अध्यक्ष के बयान

### ईमेल व रजिस्टर्ड डाक से भेजा अपना बयान पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई और एक वर्ग को अनावश्यक रूप से परेशान करने के आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने पर भड़की हिंसा की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आज बयान दर्ज करने से इंकार कर दिया। सेना अध्यक्ष ने अपना 28 पेजों का विस्तृत बयान ईमेल के माध्यम से भेजा। विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने पर हिंसा भड़क गयी थी। आगजनी ओर पथराव व गोलीबारी में पांच की जान चली गई। हिंसा में पाच की मौत पर प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन कर इसकी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। न्यायिक जांच आयोग सम्भल में अधिकारियों, चिकित्सकों और हिंसा से सम्बंधित लोगों के बयान दर्ज कर चुका है।

हिंसा से सम्बंधित मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर अपना बयान दर्ज कराने के साथ कुछ साक्ष्य भी सौंपना चाहते थे। सोमवार को आज़ाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने सोशल मीडिया पर संदेश वायरल करते हुए बताया कि दंगा के संबंध में गठित न्यायिक आयोग लखनऊ स्थित कार्यालय में वह अपने बयान दर्ज कराने गए,लेकिन उनका बयान दर्ज करने से मना कर दिया। आयोग के सचिव सोहनलाल ने उन्हें बताया कि आयोग को उनका अनुरोध पत्र प्राप्त हो गया है और वह शीघ्र अमिताभ ठाकुर का बयान लेने अथवा नहीं लेने के संबंध में निर्णय लेकर उन्हें अवगत कराएंगे। आयोग से जानकारी मिलते ही अमिताभ ठाकुर ने ईमेल और रजिस्टर डाक के माध्यम से 2 संलग्नक सहित 28 पृष्ठों का अपना विस्तृत बयान जांच आयोग को भेजा।

अपने बयान में उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तरह एक पक्षीय ढंग से काम करने और अपनी हठधर्मिता से स्थिति को बिगाड़ने के आरोप लगाए। उन्होंने पुलिस द्वारा की गई फायरिंग की सच्चाई को छिपाने तथा पुलिस अफसरों द्वारा एक ही मामले में सम्भल तथा नखासा थाने में कई कई मुकदमे दर्ज कर एक वर्ग को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने अपने सभी आरोपों के संबंध में तमाम वीडियो तथा अन्य लिखित साक्ष्य प्रस्तुत किए। अमिताभ ठाकुर ने आयोग से न्याय हित में उन्हें मौखिक रूप से भी अपनी बात कहने का अवसर देने की भी मांग की।

# कार्यशाला में आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर दिया प्रशिक्षण

**शाह टाम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में आज शिक्षकों के लिए लीडरशिप इन सेंचुरी स्किल बी अविनर विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें रिसोर्स पर्सन जया पांडे और अर्पित भारतवाज ने शिक्षकों को 21 वीं सदी के नेतृत्व कौशल और आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। मे जया पांडे ने कहा कि आज शिक्षक सिर्फ पाठ पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि छात्रों में नेतृत्व, समस्या-समाधान और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले होते हैं। हमें विद्यार्थियों को बदलती दुनिया के लिए तैयार करना होगा। अर्पित भारतवाज ने कहा कि लीडरशिप का मतलब साथ चलना और दूसरों को आगे बढ़ाना है। शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ संवाद, सहानुभूति और प्रेरणा का रिश्ता बनाना चाहिए।

स्कूल की ओर से प्रिंसिपल विल्सन राजन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों को समय के अनुरूप शिक्षण के नए आयामों से जोड़ती हैं और उन्हें और सक्षम बनाती हैं। इसके बाद स्कूल के मैनेजर मुशीर खान तरीन और शबाना कौसर का संदेश जिया उल्ला खान ने पढ़ कर सुनाया। संदेश में कहा गया कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक हैं। उनके विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाना हमारा उद्देश्य है। हमारा स्कूल भविष्य के योद्धा तैयार कर रहा है जो न केवल सम्भल बल्कि पूरे देश में स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम के समापन पर जुनैद इब्राहिम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण पैदा करती हैं जो सीधे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को गढ़ने में सहायक होंगी। इस अवसर पर स्कूल का समस्त अध्यापकगण ओर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चूना दरी जलप्रपात में डूबे दो छात्रों के शव मिले

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र में स्थित चूना दरी में डूबे लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों छात्रों के शव काफी मशक्कत के बाद सोमवार को आखिरकार खोज लिए गए। बरसात में जिले के जलप्रपातो में सैर सपाटा के लिए भीड़ उमड़ रही है।

वही डूबने की घटनाएं भी बढ़ गई है। एक सप्ताह में चार युवकों की डूबने से मृत्यु हो चुकी है। अहरौरा थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत सेठ ने बताया कि रविवार शाम लगभग छह बजे लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों का एक दल चूना दरी पर पिकनिक मनाने आया था, जिसमें लखनऊ के शारदा नगर का छात्र आयुष गुप्ता, गोंडा जिले के अमित गुप्ता, लखीमपुर खीरी जिले का भानु मौर्य व अंकित दुबे शामिल थे। चूना दरी जल प्रपात में स्नान के दौरान भानु गहरे पानी में डूबने लगा उसे बचाने के लिए अंकित दुबे भी गहरे पानी में चला गया जिससे दोनों डूब गए। बचे दोनों साथियों ने घटने की सूचना इलका पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की पर रात हों जाने के कारण तलाश रोकनी पड़ी। सोमवार को सुबह गोताखोरों की सहायता से एक बार फिर से तलाशी अभियान चलाया गया।

# कथावाचक प्रकरण की जांच के लिए झांसी पहुंची पुलिस इटावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा के बहुचर्चित कथावाचक अपमान प्रकरण की जांच के लिए झांसी पुलिस बकेवर इलाके के दादरपुर गांव रविवार देर शाम पहुंच गई है। कथावाचक कांड के बाद पूरे प्रकरण की जांच झांसी परिक्षेत्र में स्थानांतरण होने के बाद नियुक्त किए गए जांच अधिकारी निरीक्षक /थाना प्रभारी पूंछ जेपी पाल अपनी टीम के साथ पहुंचे तथा परीक्षित जय प्रकाश तिवारी सहित ग्रामीणों से जगह जगह जाकर जानकारी ली । उन्होंने जांच के विषय में अभी ज्यादा कुछ बताने से किनारा किया। श्री पाल ने बताया कि वह घटना की सत्यता जानने सहित घटना स्थल का निरीक्षण करने एवं ग्रामीणों के बयान आदि लेकर रिपोर्ट निर्धारित समय में उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेंगे।

ज्ञातव्य है कि एसएसपी इटावा के अनुरोध पर कथावाचक अपमान प्रकरण से जुड़े दोनों मामलों की जांच झांसी परिक्षेत्र में स्थानांतरित की गई है,जिसकी जांच पूंछ थाना प्रभारी को मिली है वह अपने साथियों सहित पहुंचे तथा दोनों केसों की जांच पड़ताल शुरू की। गांव के हर प्रवेश द्वार पर मौजूद पुलिस प्रशासनिक अधिकारी है। दादरपुर में प्रवेश करने के लिए करीब पांच मुख्य रास्ते हैं,जिन पर इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी सहित सात से आठ जवान तैनात हैं। गांव में जाने वाले हर व्यक्ति की हर वाहन की इंट्री की जाती है तथा उक्त जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दी जाती है। इसके साथ ही एसडीएम व तहसीलदार कैंप किए हुए भी है।गांव में पुलिस के अधिकारी व जवान चप्पे चप्पे पर तैनात हैं वहीं मुख्य रास्ते पर मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी लगातार कैंप कर रहे हैं। एसडीएम भरथना शशांक श्रीवास्तव, तहस. ीलदार भरथना दिलीप कुमार करीब दर्जन भर लेखपालों की टीम के साथ ड्यूटी कर रहे हैं तथा बाहर से आने वाले लोगों, जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। इतना ही नहीं दैनिक रिपोर्ट भी उच्चाधिकारियों को भेज रहे हैं। जिससे दैनिक गति. विधियां सामान्य भी हो रही है।

# करंट की चपेट में आकर मां -बेटे की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक युवक और उसकी मां के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस उप अधीक्षक दीपक दुबे ने बताया कि मध्य प्रदेश की सीमा से सटे कुम्हडोरा गांव निवासी युवक राकेश विश्वकर्मा के घर के सामने जामुन का पेघ लगा है जिसके बीच से बिजल

ी की हाइटेंशन लाइन गुजरती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश के मौसम में बूंदाबांदी के दौरान राकेश की 70 वर्षीय मां बेटीबाई पेघ से जामुन तोड़ रही थी, तभी उसका पानी से भीगा डंडा बिजली लाइन से छू गया। तीव्र करंट की चपेट में आने से बेटीबाई की मौके पर ही मौत हो गई। मां को करंट लगा देख राकेश उसे बचाने को दौघ जिससे वह भी करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया।

पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि आसपास मौजूद लोगों ने राकेश को उठा कर तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। एक साथ दो मौत की इस घटना से गांव में मातम छा गया है।

## हरित प्रदेश बनाने को नई पहल जन्मे बच्चों को मिलेगा ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट व पौधा

**कांठ।** प्रदेश सरकार ने हरित प्रदेश बनाने के लिए नई पहल की है। इस वर्ष एक से सात जुलाई के बीच जन्म लेने वाले बच्चों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधे भी दिए जाएंगे। ये पौधे सभी जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पतालों में जन्मे बच्चों को दिए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर वन विभाग इसे मूर्त रूप देगा। इसका उद्देश्य नवजात के जीवन को खुशहाल बनाने के साथ प्रदेश में हरियाली बढ़ाने, परिवार को पौधा लगाने व संरक्षित करने के लिए प्रेरित करना है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि इस मानसून सीजन में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इस बार त्रिवेणी वन की स्थापना और संरक्षण पर सरकार का जोर है। 1 जुलाई से शुरू हो रहे वन महोत्सव की तहसील में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# संस्थागत प्रसव के लिए अधिकृत निजी अस्पतालों को नियमित तौर पर देनी होगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शासन के निर्देश पर 01 जुलाई से 31 जुलाई तक जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा, इसके साथ ही 11 जुलाई से दस्तक अभियान की शुरुआत होगी। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों के बारे में विभागवार जानकारी ली और कहा कि जिले में ऐसे गांव जो संक्रामक बीमारियों के दृष्टिगत संवेदनशील श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं, उन गांवों में बचाव तथा जागरूकता के लिए आयोजित गतिविधियों की मॉनिटरिंग जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी चिन्हित गांव में प्रत्येक सोमवार को अनिवार्य रूप से भ्रमण करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने विभागों की दैनिक गतिविधियों की विभागवार मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के लिए भी निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि इस कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिम्मेदार विभागों की प्रतिदिन की गति. विधियों को मॉनिटर किया जाए ताकि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रति अधिकतम लोगों को सतर्क और जागरूक बनाने में स्वास्थ्य, पंचायतीराज, आईसीडीएस, कृषि, उद्यान, खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न




विभागों की जिम्मेदारी तय की जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति से संबंधित अधिकारियों के साथ भी बैठक की

बैठक के दौरान उन्होंने रिक्त पदों के सापेक्ष आशाओं की चयन प्रक्रिया, स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता, दैनिक ओपीडी, जननी सुरक्षा योजना, पोषण पुनर्वास केंद्र, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम और टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम सहित स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार पूर्वक समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिले में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आशाओं के रिक्त पदों के सापेक्ष धीमी चयन प्रक्रिया पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी बैठक से पूर्व चयन प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण हो जानी चाहिए। जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दैनिक ओपीडी की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की चिकित्सा अधिकारी निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ओपीडी करें और मुख्य चिकित्सा अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करें।

जनपद में संस्थागत प्रसव के लिए अधिकृत निजी चिकित्सालयों द्वारा प्रसव की नियमित तौर पर रिपोर्ट न दिए जाने के मामले में जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन निजी अस्पतालों को संस्थागत प्रसव के लिए अधिकृत किया गया है उनके द्वारा यदि नियमित तौर पर प्रसव के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं तो उनका लाइसेंस निरस्त करते हुए अस्पताल सील करने की कार्यवाही होनी चाहिए। राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में स्क्रीनिंग कैंप आयोजित कराए जाएं तथा आवश्यकता अनुसार चश्मा उपलब्ध हो जाएं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारी भी ओपीडी के दौरान ऐसे लोगों को चिन्हित करके दृष्टि परीक्षण कराने के लिए प्रोत्साहित करें जो मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं परंतु जानकारी के अभाव में अपना बेहतर उपचार नहीं करा पा रहे हैं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में विद्यालयों को मर्ज करने का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** प्रांतीय नेतृत्व के आव्हान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की कार्यसमिति व संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया, बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने कहा की प्रदेश सरकार द्वारा कम नामांकन के आधार पर प्राथमिक विद्यालयों को पास के विद्यालयों में युग्मित (मर्जर) करने की योजना न केवल व्यवहा. रिक कठिनाइयों से युक्त है, बल्कि निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की मूल भावना के विप. रीत है। विद्यालयों का युग्मित (मर्जर) कोई कागजी बदलाव नहीं है इस योजना के लागू होने से शिक्षकों के लाखों पद समाप्त हो जाएंगे, कई हजार विद्यालय अपना अस्तित्व खो देंगे, शिक्षार्थी भी स्थानीय स्तर पर शिक्षा पाने का अधिकार खो देंगे। उपाध्यक्ष अकरम अली ने बताया की मर्जर शिक्षा की आत्मा पर सीधा प्रहार है जिसमें बच्चों को 4-5 किलोमीटर दूर भेजने की विवशता छुपी हुई है।जिससे ने केवल शिक्षा की निरंतर बाधित होगी।

बल्कि छात्र संख्या में गिरावट भी आएगी, उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मर्जर के खिलाफ बड़े आंदोलन के लिए तैयार है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतराम सिंह ने कहा की शिक्षक के संबंध में भी मर्जर एक अघोषित विस्थापन है जिन स्कूलों का मर्ज किया जाएगा वहां कार्यरत शिक्षक अपने आत्मीय परिवेश, स्थायित्व व संबंधों से कटकर एक नई अनिश्चितता में धकेल जाएगा, जो शिक्षक के शिक्षण, मनोविज्ञान व कार्य दक्षता दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। जुबैर अहमद ने इस योजना को सामुदायिक भावना व त्याग को भी उपेक्षित करना बताया जिसके आधार पर ग्रामीणों ने अपनी निजी भूमि विद्यालय निर्माण हेतु प्रदान की थी। बच्चों को दूरस्थ विद्यालय में भेजना उनके लिए असुविधाजनक और असुरक्षित होगा विशेषता बालिकाओं के लिए, हम इसका विरोध करते हैं।कोषाध्यक्ष मो रिजवान ने कहा की उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इस प्रस्तावित युग्मन (विद्यालय मर्जर) व्यवस्था का पुरजोर विरोध करता है। तथा प्रांतीय नेतृत्व द्वारा जो भी आदेश दिया जाएगा संगठन पूरी ततपरता के साथ मर्जर के खिलाफ लड़ाई लड़ेगा।बैठक में संगठन मंत्री मधुबाला चौहान, मंत्री मेघराज सिंह सतवीर यादव, आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखें। बैठक में सर्मेन्द्र सिंह, दिनेश सैनी, जुबैर अहमद, भूपेंद्र यादव, कंचन चौरसिया, मानसी विश्नोई, लोकिंदर सिंह, दामन चौहान, हेत. राम सिंह, सुरेन्द्र यादव, अकरम अली, मधुबाला चौहान, चन्द्रवीर त्यागी, शमीम



अहमद, गौरव चौधरी, विघ्ननेश चन्द्र कौशिक, आदि उपस्थित रहें। बैठक की अध्यक्षता डॉ कपिल सिरोही, अध्यक्ष उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट द्वारा की गयी तथा संचालन संगठन मंत्री चन्द्रवीर त्यागी द्वारा किया गया

# नगर में लटकी विद्युत लाइनों से लोगों को खतरा

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कई जगहों पर विद्युत लाइनें काफी निचाई पर लटक रही हैं, जिससे न सिर्फ आमजन की सुरक्षा खतरे में है बल्कि बिजली विभाग के कर्मचारियों के लिए भी यह कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। नगर के कई जगहों पर विद्युत लाइनें बेहद निचाई पर लटक रही हैं, जिससे न सिर्फ आमजन की सुरक्षा खतरे में है। जिससे नगर के मोहल्ला ताली, में घरों के गेट के निकट से विद्युत लाइन जा रही हैं। तो वही बहेडावाला समेत कई इलाकों में बिजली के तार झूलते नजर आते हैं। कई जगहों पर तो यह तार दुकानों और घरों की छतों को छूते हुए गुजर रहे हैं, जिससे लगातार खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार विभाग को इसकी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। बारिश के दिनों में यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब गीले तारों से करंट फैलने आशंका रहती है।वही नगरवा. सियों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि लटकी हुई विद्युत लाइनों को तत्काल ठीक किया जाए और संभावित दुर्घटनाओं से पहले सतर्कता बरती जाए। सलमान, सोनू, नोशेअली, भूरा, इस्लाम, इमरान, अब्दुल्लाह, जुबैर, बाजिद, साजिद, रिजवान, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग एवं पे एंड यूज शौचालय के कार्य हेतु ई–बोलियाँ दिनांक 15.07.2025 को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1937/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जोया (अमरोहा)**

पत्रांक– 855/निविदा/2025 दिनांक: 30.6.25

क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु टैण्डर (निविदा) दिनांक 20/6/2025 को पत्रांक 776, 777 द्वारा निकाली गयी थी। जोकि दिनांक 30/06/2025 तक आमंत्रित की गयी थीं।

आज दिनांक 30/06/2025 तक कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई है। अत: निविदा का समय अपरिहार्य कारणों से दिनांक 14/07/2025 तक बढ़ाया जाता है। अब दिनांक 14/07/2025 तक निविदा प्राप्त की जायेगी और दिनांक 15/07/2025 को समय पूर्वान्ह 11.00 बजे से विकासखण्ड जोया कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
जोया (अमरोहा)

## नाजायज चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान नाजायज चाकू के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार कॉस्टेबल निशान कुमार, योगेश कुमार, व पीआरडी प्रेम सिंह, नगर में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर रतुपुरा रोड पर मंडी समिति के निकट खड़े युवक की पुलिस द्वारा उसकी तलाशी ली गई तलाशी के दौरान आरोपी के पास से नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ मे आरोपी ने अपना नाम अहसान पुत्र हबीबुर्रहमान निवासी वार्ड6 मोहल्ला कुरैशियान ठाकुरद्वारा बताया है। वही कोतवाली पुलिस आरोपी के विरुद्ध नायाजय चाकू रखने के आरोप में आर्मस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर चालानी कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया है।

# वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन ने की गंगा आरती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह रोमी ने संगठन सदस्यों के साथ पावन तीर्थस्थल ब्रजघाट, गढ़मुक्तेश्वर में पतित–पावनी माँ गंगा के पवित्र तट पर आयोजित नित्यप्रति होने वाली श्री गंगा आरती में सहभागिता कर राष्ट्रभक्ति, संस्कृति एवं सेवा भावना का संकल्प लिया। वंदे भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेन्द्र सिंह 'रोमी' ने बताया "माँ गंगा केवल जलधारा नहीं, वह हमारे संस्कारों और सभ्यता की जीवित प्रतीक हैं। वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और राष्ट्र की आत्मा को जन–जन तक पहुँचाना है। इस पुण्य अवसर पर हम संकल्प लेते हैं कि हम राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे।वंदे भारत के राष्ट्रीय महामंत्री विपिन चौधरी ने बताया हमारी संस्कृति की



जड़ें गंगा जैसे जीवनदायिनी नदियों से जुड़ी हैं। जब हम गंगा आरती में भाग लेते हैं, तो यह केवल पूजा नहीं होती, बल्कि यह हमारी भारतीय पहचान, परंपरा और मूल्यों को सहेजने का एक प्रयास होता है। वंदे भारत संगठन इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। वहीं मेजर राजीव ढल ने कहा गंगा आरती केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह हमारी आस्था, पर्यावरण चेतना और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। हम युवाओं को प्रेरित करते हैं कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हों और माँ भारती की सेवा को अपना धर्म समझें। दीपमाला चौधरी ने कहा माँ गंगा की आरती में भाग लेकर मैं गर्व महसूस करती हूँ। महिलाओं की भूमिका केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी अहम योगदान होना चाहिए। वंदे भारत संगठन महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करता है जहाँ वे अपनी ऊर्जा को राष्ट्रसेवा में लगा सकती हैं। महिला मोर्चा की वरिष्ठ सदस्य पूनम चौधरी ने गंगा आरती में भाग लिया और बताया गंगा आरती से आंतरिक ऊर्जा और संस्कारों की अनुभूति होती है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम है। वंदे भारत संगठन का यह प्रयास सराहनीय है, जो संस्कृति और राष्ट्र को जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस भावनात्मक और आध्यात्मिक कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही। देशभक्ति गीतों, वैदिक मंत्रों और दीपों की रौशनी से गंगा तट का वातावरण भक्तिमय एवं प्रेरणास्पद बन गया। माँ गंगा की आरती के साथ, वंदे भारत संगठन ने राष्ट्रवाद का संकल्प लेकर अपने राष्ट्र अभियान का शुभारंभ किया यह एक ऐसा अभियान है जो भारत की सांस्कृतिक चेतना, एकता और आत्मगौरव को जाग्रत करने हेतु समर्पित है। वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन द्वारा गंगा आरती में राष्ट्रभक्ति के अवसर पर संगठन के रविन्द्र राठी, सोमी चौधरी, कवित्र पूनिया, सत्या, गौरव कालीरामन, सुबोध राजौरा, यशपाल सिंह, आशू शर्मा, महेश विस्नोई, कपिल ढिल्लन, अशोक चाहल, रविपाल सिंह, सचिन, टिंकू, ओम यादव, वरुण चाहल, सहित सैकड़ों राष्ट्रवादी साथी उपस्थित रहे।

## वाहन से शीशा उतारते समय मजदूर हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वाहन से शीशा उतारते समय बरेली से आये एक मजदूर को गंभीर रुप से चोट लग गयी। आनन–फानन में युवक को नर्सिंग होम ले जाया गया। संभवत: बताया जा रहा है कि घायल मजदूर की मौत हो गयी है। हालांकि मजदूर के परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं आयी है और न ही इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई।

**सूचना**

मेरा नाम मनीष कुमार (MANEESH KUMAR) पुत्र भूपेन्द्र मोहन सक्सेना (BHUPENDRA MOHAN SAXENA) है जोकि गलत है। मेरा सही नाम **मनीष कुमार (MANISH KUMAR) पुत्र भूपेन्द्र मोहन सक्सेना (BHOOPENDRA MOHAN SAXENA)** है। भविष्य में आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
मनीष कुमार पुत्र भूपेन्द्र मोहन सक्सेना निवासी मकान नंबर 60 गली नंबर–2 आजाद नगर चंद्रनगर निकट चांदीराम मंदिर, थाना सिविल लाइंस, जिला मुरादाबाद।

# टाटा मोटर्स टेक्नोलॉजी में प्रतिनिधियों ने किया प्रशिक्षार्थियों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** राजकीय आई० टी० आई०, कांठ रोड, मुरादाबाद में में अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सरक. ारी निजी अधिष्ठान यथा- विद्युत विभाग मुरादाबाद, सिंचाई विभाग मुरादाबाद, टाटा मोटर्स लि० पन्तनगर एवं डिक्शन टेक्नोलॉजी प्रा०लि० नोएडा के एच०आर० प्रतिनिधियों द्वारा मेले में प्रतिभागी कुल 172 प्रशिक्षार्थियों का अप्रेन्टिसशिप हेतु साक्षात्कार उपरान्त कुल 60 रिक्तियों के सापेक्ष 21 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि माननीय विधायक ठा० रामवीर सिंह जी द्वारा नियुक्ति पत्र



वितरित करते हुये शुभाशीष प्रदान करते हुये टेक्नीकल ज्ञान से लाभप्रद कराया गया, इस अवसर पर राजकीय आई०टी०आई० मुरादाबाद के नोडल प्रधानाचार्य श्री संजीव कुमार जैन एवं जिला समन्वयक, उ०प्र० कौशल विकास मिशन श्री अमर कौशल एवं समस्त स्टाफ अप्रेन्टिसशिप मेले में उपस्थित रहे।

# हादसों से बचने के लिए विभाग ने एडवाइजरी की जारी

**कांठ।** बारिश के मौसम में बिजली जनित हादसे से बचने के लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम ने एडवाइजरी जारी की है स इसमें बिजली के खंभों को छुने से बचे, बिजली के खंभों से अपने मवेशियों को ना बांधे, यथासंभव बिजली लाइनों के नीचे कोई भी प्रोग्राम ना करे, नए भवनों से बिजली लाइनों की उचित दूरी बनाए रखें, बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही हैं तो तुरंत अपने उपकेन्द्र पर या जेई, लाइमैन को सूचना दे, यदि बारिश में खंभे पर तेज स्पार्क हो रहा हो और आस पास पानी भरा हुआ है तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचे व दूसरों को भी सावधान करे, यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हो तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने या छंटाई करने से बचे, ट्रांसफार्मर, लाइनो पर बम्बू से या किसी और चीज से कुंडी न डाले बड़ा हादसा हो सकता है, बिजली खंभों को चार दिवारी या बाउंट्रिवाल में अतिक्रमण ना करे। हादसा होने पर भारी नुकसान हो सकता है, घर में उपकरण अच्छी क्वालिटी के ही उपयोग करें। घर के अंदर बिजली फिटिंग में अर्थिंग जरूर कराएं, यदि कोई व्यक्ति बिजली के गिरफ्त मे हो तो तुरंत उसे बचाने हेतु निम्न कार्य करें, सबसे पहले अपने आप को किसी सुखी जगह पर होना सुनिश्चित करें फिर अपने जूते जो भीगे ना हो कोई भी धातु लगे ना हो वह पहने फिर किसी इंसुलेटेड डंडे (प्लास्टिक, लकड़ी जो सुखा हों) से व्यक्ति को छुड़ाने का प्रयास करे।

यदि करंट घर के अंदर लगा है तो तुरंत मेन स्विच ऑफ करे, व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाए, बारिश के इस मौसम में यदि बिजली गुल होती हैं तो हंगामा ना कर शांत रहे।

## शिक्षकों के लिए कन्यादान योजना की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** परिषदीय शिक्षकों के लिए मुरादाबाद में कन्यादान योजना की शुरुआत की गई है।अब बेटी की शादी में कोई रुकावट नहीं होगी।

टीचर सेल्फ केयर स्कीम कन्यादान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक की मदद बेटी की शादी के लिए मिलेगीस इस स्कीम के लिए सुधीर पाराशरी को जिला संयोजक बनाया गया हैस एवं जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में प्रभारी की तैनाती की गई हैस शिखा सक्सेना को प्रभारी छजलैट बनाया गया है। स्कीम का सदस्य बनने के बाद कन्यादान योजना का लाभ मिलेगा।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपनी पुत्री अरमान जहां पत्नी नासिर को गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पिता–पुत्री का रिश्ता भी खत्म कर दिया है। भविष्य में अरमान जहां के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**गुफरान अहमद पुत्र सज्जाद हुसैन नि.चक्कर की मिलक निकट गोसिया मस्जिद, थाना सिविल लाइंस, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपनी पुत्री तबस्सुम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में तबस्सुम के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
शब्बन पुत्र मुमताज व कौसर जहां पत्नी शब्बन निवासीगण ग्राम जलालपुर खास थाना कुंदरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।

# स्कूल मर्जर से गरीब की शिक्षा और रोजगार दोनों पर कुठाराघात: संजय सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक मूंढापांडे ने ग्राम प्रधान एस एम सी सदस्य और ग्रामवासियों की मीटिंग कर युग्मन वाले विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा की जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयो को नजदीकी विद्यालय में पेयरिंग करने की समस्या पर विचार किया गया। जिसके क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ मूंढापांडे मुरादाबाद की मीटिंग प्राथमिक विद्यालय चमरौआ में की गई। जिसमें सरकार के तुगलकी आद. ेश की भर्त्सना करते हुए स्कूल बंद करने को गलत बताया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संजय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार आर टी ई अधिनियम के विपरीत शिक्षा विभाग का निजीकरण करने के उद्देश्य से स्कूलों को बंद करना चाह रही है। जो किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। संघ पूरी ताकत से इसका विरोध करने के लिए तैयार है। जो बच्चा उस गाँव में बमुश्किल आ रहा है जिनके खाने में पहनने आने जाने का कोई साधन नहीं है उनसे आप यह उम्मीद कर रहे है क्या वह 2 किलोमीटर तीन किलोमीटर दूर जाकर ये स्कूल में आएगा यह गरीब की शिक्षा के साथ अन्याय है क्या यही विकसित भारत की परिकल्पना है।

एक तरफ स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा और दूसरी तरफ बंद करने का जिसका नाम बदल मर्जर दिया गया है अभियान चलाया जा रहा है बैठक में बंद किए जाने वाले स्कूलों के हेड टीचर, शिक्षकों ओर एस एम सी अध्यक्ष आदि को भी बुलाकर उनकी राय ली गई। ग्राम प्रधान सर्वश्री आलोक कुमार विनोद कुमार पातीराम एवं श्रीमती सोनी देवी सभी ने स्कूल मर्जर को गलत बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। रसोईया हरवती ने कहा सरकार हमारा रोजगार छीन रही है बैठक में मुख्य रूप से संजय कुमार सिंह विनोद यादव सुरेंद्र कुमार राजेश कुमार सतेन्द्र कुमार मनोज यादव प्रतीक शर्मा जमीर अहमद अवशेष कुमार दुर्गेश कुमार हाकिम अली राजीव सिंह वेद प्रकाश अमान भाई चंद्रशेखर यादव देवेश चक्रवर्ती तहजीबुररहमान नरेन्द्र कुमार खगेंद्र कुमार रेनू यादव अंजलि गुप्ता सन्दिनी शर्मा मोनिका अग्रवाल मेघा



अग्रवाल सुनैना पांडे गरिमा अग्रवाल रेनू यादव शशीबाला चौहान बंदना दीक्षा अग्रवाल आदर्श सहित काफी संख्या में शिक्षक और अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन ब्लॉक मंत्री हिमांशु बशिष्ठ ने किया।

**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)**
**आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर–5 मझोला योजना सं0–4, भाग–2, मुरादाबाद।**
**E-mail : emombd@upavp.com**

**सर्वसाधारण को सूचना**– परिषद की मझोला योजना संख्या–4, भाग–2, मुरादाबाद में भूखण्ड संख्या 9बी/647 को प्रदेशन पत्र संख्या 1818 दिनांक 26.04.2013 के द्वारा श्री ज्योति अग्रवाल पत्नी श्री शिशिर अग्रवाल के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 20.02.2014 को इस कार्यालय से विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 21.02.2014 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत कराकर भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 16.08.2017 को प्राप्त करने के उपरान्त उक्त भूखण्ड श्रीमती रितू जैन पत्नी विनय कुमार जैन के पक्ष में दिनांक 21.02.2014 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड श्रीमती रितू जैन पत्नी विनय कुमार जैन द्वारा श्रीमती निशुरानी पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश के पक्ष में दिनांक 27.05.2015 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड श्रीमती निशुरानी पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश द्वारा श्रीमती आरती शर्मा पत्नी श्री अनुपम शर्मा के पक्ष में दिनांक 12.10.2017 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भूखण्ड श्रीमती आरती शर्मा पत्नी श्री अनुपम शर्मा द्वारा श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री अतुल के पक्ष में दिनांक 19.02.2025 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया। अब श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री अतुल ने अपने आवेदन पत्र दिनांक 14.05.2025 के द्वारा आवासीय भूखण्ड संख्या 9बी/ 647, मझोला योजना संख्या–4, भाग–2, मुरादाबाद को अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई सुसंगत आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त करा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य न होगी तथा परिषद नियमानुसार नामान्तरण सम्बन्धी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।–– **सम्पत्ति प्रबन्धक**

# सड़क हादसे में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** विवेकानंद मार्ग स्थित गांव मस्तापुर बढेरा, काजीपुरा के पास बाइक से गिरकर महिला की मृत्यु हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

नगर पंचायत ढकिया निवासी युवती सहाना की शादी थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सुमाल खेड़ा निवासी मुस्तफा के साथ हुई थी, किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा चलता रहता था, पति-पत्नी का विवाद अदालत तक पहुंच गया, जिस पर विवाहिता अपने मायके नगर पंचायत ढकिया में रहने लगी, घटना सोमवार की दोपहर 2:00 की है, महिला मुरादाबाद स्थित अदालत से मुकदमे की पैरवी करके अपने भाई मोहम्मद अहमद



के साथ बाइक पर बैठकर घर को जा रही थी, तभी गांव काजीपुरा के पास बाइक का पहिया गड्ढे में जा पहुंचा जिससे जोरदार झटका के साथ महिला की बाइक से नीचे गिरकर मृत्यु हो गई, सूचना पाकर मायके वालों ने घटना स्थल पर पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे।

मायके वालों का आरोप है कि मृतका सहाना के पति मुस्तफा ने बाइक से खींचकर पत्नी के बाल पड़कर सड़क पर कई पटकी देकर मौत के घाट उतार दिया, सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस ने शबको कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया, थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर घटना की पुष्टि की जाएगी, अभी कोई तहरीर नहीं आई है, लिखित तहरीर आने पर अभियोग पंजीकृत कर लिया जाएगा।

## लखनऊ स्टेट से आई टीम ने हेल्थ सेंटरों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी और हेल्थ सेंटरों का निरीक्षण लखनऊ स्टेट से आई टीम ने किया।

लखनऊ से आई टीम में मोहम्मद आलम रब डीजीएमसी, प्रभाकर तिवारी कंसल्टेंट एमएच, सत्य प्रकाश प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आरआई, आदि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी और हेल्थ सेंटर हाथीपुर और अमरपुर काशी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमिताओं और कमियों को चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग का सभी स्टाफ मौजूद था।

# प्रोजेक्टर के माध्यम से सुपरवाइजर को तहसील सभागार में दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**कांठ।** निर्वाचन आयोग के आद.ेश पर आज तहसील सभागार में एसडीएम संत दास पवार की अध्यक्षता में सुपरवाइजर की बैठक बुलाई गई जिसमें उन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया बताया गया कि जिन सुपरवाइजर क्षेत्र में 10 से अधिक बीएलओ तैनात हैं उनको परिवर्तित करते हुए 38 सुपरवाइजर के स्थान पर अब 419 मत देय स्थलों के सापेक्ष 42 सुपरवाइजर को तैनात किया गया है बताया गया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा जिसमें फॉर्म 6 भरवाए जाने एवं शादी होकर आई महिलाओं के फॉर्म 6 ना भरकर उनके पूर्व पते से फॉर्म 8 के माध्यम से उनका वोट स्थानांतरण करने हेतु निर्देश दिए गए। फॉर्म 6ए में बीएलओ के क्षेत्र के अंतर्गत प्रवासी मतदाताओं के लिए फॉर्म 6 ए भरने हेतु निर्देशित किया गया। फॉर्म 7 में घर-घर सत्यापन के दौरान अपने बूथ के अंतर्गत मृतक मतदाताओं के पारिवारिक सदस्यों के सापेक्ष प्राप्त कर उनका फॉर्म भरने के लिए निर्देशित किया गया। फार्म 8 के लिए बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानांतरण मतदाता के विवरण में संशोधन रिप्लेसमेंट दिव्यांग मतदाताओं की टैगिंग हेतु इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा एसडीएम ने कहा कि सभी ।म्त्व अपने ईआरओ नेट लॉगिन पर प्रतिदिन प्राप्त होने वाले फार्म को निरंतर प्रोसिस करने एवं आवंटित मत देय स्थलों पर तैनात बीएलओ सुपरवाइजर्स का पर्यवेक्षण करने तथा समस्त सुपरवाइजर को अपने



बीएलओ को छोटे-छोटे समूह में प्रशिक्षण दिए जाने के लिए उन्होंने निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम संत दास पवार तहसीलदार अंजली सिंह खंड विकास अधिकारी विकास कुमार चकबंदी अधिकारी जुबेर अहमद एवं समस्त सुपरवाइजर विधानसभा 25 क्षेत्र के मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित लघु फिल्म प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

## मण्डलायुक्त ने कहा-जनभागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण संभव, कुलपति बोले-सृजनात्मक अभिव्यक्ति से युवा पीढ़ी में बढ़ेगा पर्यावरणीय चेतना का भाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित लघु फिल्म प्रतियोगिता ख्र 2025 का परिणाम सोमवार शाम बुद्धि विहार स्थित न्यास के प्रधान कार्यालय पर निर्णायक मण्डल द्वारा घोषित किया गया। प्रतियोगिता में बरखा चौजर (हरथला कॉलोनी, मुरादाबाद) को प्रथम स्थान, आकांक्षा जैन (मुरादाबाद) को द्वितीय, तथा तनुश दौंडकर (पुणे, महाराष्ट्र) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। न्यास सचिव नमन जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में इतनी सुंदर, सृजनात्मक और भावपूर्ण वीडियो प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं कि निर्णायक मण्डल ने केवल तीन नहीं, बल्कि दो अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार भी देने का निर्णय लिया। यह पुरस्कार प्रियांक राज अग्रवाल (सम्भल, उ.प्र. ) एवं प्रियंका श्रीवास्तव (नैनीताल, उत्तराखंड) को प्रदान किए गए। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल में मुरादाबाद मण्डल के मण्डलायुक्त श्री आञ्जनेय कुमार सिंह, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी एवं उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता ने संयुक्त रूप से परिणाम घोषित किए। इस अवसर पर मण्डलायुक्त श्री आञ्जनेय कुमार सिंह ने कहा, ष्पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, जनसहभागिता से ही सार्थक परिणाम मिल सकते हैं। ऐसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं समाज में चेतना लाने का सशक्त माध्यम बनती हैं। कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने कहा, युवा पीढ़ी की पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलसोच को जब अभिव्यक्ति का मंच मिलता है, तो उसका प्रभाव स्थायी होता है। डॉ. विशेष गुप्ता ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा, ष्बालकों और युवाओं में पर्यावरणीय विषयों पर सोच विक.सित करने के ऐसे प्रयास उन्हें जागरूक नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने निर्णायकों व सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, न्यास आगामी समय में पर्यावरण शिक्षा, जल संरक्षण व हरियाली बढ़ाने हेतु विद्यालयों व युवाओं के साथ मिलकर विविध अभियान चलाने की दिशा में कार्य करेगा। इस अवसर पर न्यास के सचिव नमन जैन, विधिक सलाहकार अमन जैन, संयोजक सम्भव जैन, अलका जैन, प्रिया जैन, राशि जैन, विकास गर्ग आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक संभव जैन द्वारा किया गया





# जनता इंटर कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर आजीवन सदस्यों का जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** जनता इंटर कॉलेज गोपी वाला के आजीवन सदस्य जसवंत सिंह के नेतृत्व में में विद्यालय के आजीवन सदस्य व कुछ संभ्रांत लोग सोमवार को मुरादाबाद जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर विद्यालय मैं की जा रही है अनिमित.ाओ को लेकर निष्पक्ष जांच करने की मांग को लेकरप्रदर्शन किया। सोमवार को विद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन सदस्यो ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि 2012 के बाद से व्याप्त भ्रष्टाचार, लिपिक तरुण कुमार की अवैध नियुक्ति, पदोन्नति ,विद्यालय की साधारण सभा की आजीवन सदस्यता एवं अनुपस्थित रहते हुए भी उपस्थिति दर्ज करने की जिला विद्यालय निरीक्षक से की थी । जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा पूर्व में नियुक्त किए गए दोनों प्रधानाचार्य रघुपति देव राजकीय इंटर कॉलेज बिलारी जट , पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मुंडा पांडे के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह व किसी प्रशासनिक अधिकारी से जांच करायी गयी। लेकिन उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट झूठी व निराधार जांच आख्या प्रस्तुत कर अधिकारियों को भ्रमित कर दिया। जबकि अधिकारियों व जूनियर कक्षाओं में निशुल्क शिक्षा होते हुए भी विद्यालय में 3 वर्षों तक शुल्क वसूली करवाने वालों तथा




करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करवाने हेतु पूर्व सूचना के अनुसार सोमवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को को प्रार्थना पत्र सोंपा । जिसमें वर्ष 2012 से वर्ष 2024 तक विद्यालय की आय तथा व्यय, जून 2024 के अंतिम सप्ताह में विद्यालय के प्रांगण से कटवाऐ गए पेड़, पेड़ों से प्राप्त धनरा.शि किस खाते में जमा की गई, सबमर्सिबल जो सिंचाई हेतु किराए पर चलती है से प्राप्त आय, 22 साधारण सभा के साधारण सदस्य, प्रबंधक तथा प्रबंधन के चहेते लोगों के द्वारा निकल गई लाखों में धनराशि, विद्यालय में कार्यरतलिपिक तरुण कुमार की अवैध नियुक्ति, पदोन्नति तथा विद्यालय की साधारण सभा की आजीवन सदस्यता, 20 मई के बाद कई दिन तक कार्यालय से अनुपस्थित रहने के बावजूद उपस्थिति दर्ज करना आदि मांगो की निष्पक्ष जांच की मांग की गई विद्यालय में कई बार जांच हो चुकी है लेकिन जांच अधिकारी विद्यालय के प्रबंधक से हम साज होकर जांच आख्या तैयार करते हैं और शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को निराधार बता दिया जाता है जिला अधिकारी महोदय ने निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है शिकायतकर्ताओं ने पूर्व में नियुक्त किए गए दोनों प्रधानाचार्य व किसी प्रशासनिक अधिकारी से जांच करवाने की मांग की है इस दौरान विजयपाल सिंह खेमचंद शर्मा मनोज कुमार सुमन कुमार युवराज सिंह नरेश सिंह उदयवीर सिंह नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## मधुपुरी में ठेकेदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सुरजन नगर।** ठाकुरद्वारा थाना के अन्तर्गत गांव मधुपुरी संपर्क मार्ग पर स्तिथ गांव में शनिवार को ठेकेदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार की रात्रि को ठेकेदार व ठेकेदार के भाई किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद में ठेकेदार ने कमरे में जाकर गले में साड़ी का फंदा बांधकर कड़े में लटक गया। भाई ने कमरे में जाकर देखा तो वह कड़े में लटका हुआ था। परिजनों की सहायता से उसको कड़े से उतारा और सुरजन नगर चिकित्सक के पास लाये जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन उसके मृत शरीर को लेकर अपने गांव वापस आ गये । जहाँ पर बिना किसी कानूनी कार्यवाही के उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इसकी सूचना पर रविवार को अंतिम संस्कार के बाद पुलिस गांव पहची तो परिजनों ने हार्टअटैक मौत बताकर कार्यवाही से इनकार कर दिया।करना आदि मांगो की निष्पक्ष जांच की मांग की गई विद्यालय में कई बार जांच हो चुकी है लेकिन जांच अधिकारी विद्यालय के प्रबंधक से हम साज होकर जांच आख्या तैयार करते हैं और शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को निराधार बता दिया जाता है जिला अधिकारी महोदय ने निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है शिकायतकर्ताओं ने पूर्व में नियुक्त किए गए दोनों प्रधानाचार्य व किसी प्रशासनिक अधिकारी से जांच करवाने की मांग की है इस दौरान विजयपाल सिंह खेमचंद शर्मा मनोज कुमार सुमन कुमार युवराज सिंह नरेश सिंह उदयवीर सिंह नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# समारोह पूर्वक नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और मिठाई बांटी वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। नगर में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में एक स्वागत कार्यक्रम का पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शमीम चौधरी के आवास पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। साथ ही मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. हाजी मो. उल्ला चौधरी ने की,



जबकि संचालन कार्यक्रम आयोजक शमीम अहमद चौधरी ने किया । डॉ. हाजी मो. उल्ला चौधरी ने शमीम चौधरी की सराहना करते हुए कहा कि इतने कम समय में इतना सुंदर कार्यक्रम आयोजित कर उन्होंने संगठन के लिए प्रशंसनीय कार्य किया है। जिला उपाध्यक्ष वसीम चौधरी ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी में सबसे अधिक पदाधिकारी ठाकुरद्वारा क्षेत्र से हैं, जो यहां के कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। जिला उपाध्यक्ष मुशाहिद चौधरी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात कही और ठाकुरद्वारा के कार्यकर्ताओं की सक्रियता की प्रशंसा की वही पूर्व चेयरमैन व जिला उपाध्यक्ष सलमा आगा, जिला महासचिव रजनीश प्रताप एडवोकेट व हाजी मो. हनीफ सैफी ने शमीम चौधरी का आभार जताते हुए संगठन की एकता और मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। जिला सचिव जहांगीर कुरेशी, याकूब कुरेशी, सादिक सिद्दीकी, मो. दीन सिद्दीकी, रईस अहमद खान और अन्य पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शरीफ आजाद अंसारी, मोइन कुरेशी, अबदुल्ला अंसारी, शरीफ सिद्दीकी, मास्टर रईस ,प्रभाकर मिश्रा, शमशेर अंसारी, मो. हसिन खान, आलम अंसारी, रईस सैफी, वाजिद अंसारी, जाकिर अंसारी,यामीन सिद्दीकी, नाजिम बाबा आदि शामिल रहे।

# नदीम फर्रुख व विजयेंद्र करुण को सृजन सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा 158 वें सृजन उर्दू सम्मान से वरिष्ठ शायर नदीम फर्रुख व सृजन हिंदी सम्मान से आजमगढ़ के कवि विजयेंद्र करुण को सर्वेश अस्थाना हसीब सिद्दीकी अध्यक्ष सच्चिदानंद शलभ, भ्रमर बैसवारी ने शाल प्रतीक चिन्ह व पुष्पहार से सम्मानित किया। रश्मि शरद के संयोजन व वर्षा श्रीवास्तव के संचालन में अंकिता शुक्ला, श्वेता मनस्वी तथा सम्मानित शायर नदीम फर्रुख व विजयेंद्र करुण ने काव्यपाठ किया। सम्मानित रचनाकारों के काव्यपाठ के उपरांत कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे, ओजकवि सुरेश फक्कड़ व लोक कवि अबोध जी व सृजन की सदस्या सरोजबाला सोनी जी के ज्येष्ठ पुत्र के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकसभा के साथ ही समारोह स्थगित कर दिया गया। इस सभा मे अरविंद झा, महेश गुप्त, प्रमोद श्रीवास्तव, निर्भय निश्छल,सिराज खान, श्याम किशोर वर्मा,




पूजा श्रीवास्तव, खुशीराम बाजपेई, रविशंकर श्रीवास्तव रवि, अजय कुमार, गिरधर खरे, प्रेम शंकर बेताब, राजेश राज, अमित श्रीवास्तव कुलदीप अन्तस, प्रतिभा श्रीवास्तव, फरीद नकवी, अनुराग श्रीवास्तव ज्ञानेंद्र नाथ त्रिवेदी व मनमोहन बरकोटी , वीणा वाणी वत्सल अशोक यादव व सत्येंद्र सिंह आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिक्षण कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में मुरादाबाद रोड के एक बैंकट हॉल में अभिनव कार्य करने वाले अध्यापकों की कार्यशाला में 350 अध्यापक शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद अजहरे आलम ने अभिनव प्रयोग करके शिक्षण कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

कार्यशाला में रुचिपूर्ण कक्षा शिक्षण नवीन शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग एवं शिक्षण में नवाचार आज के बदलते हुए परिवेश एवं नई शिक्षा पद्धति 2020 के प्रावधानो को पूर्ण करने हेतु अत्यन्त आवश्यक बताया। विभिन्न प्रकार के शिक्षक एप्प एवं डिजिटल साधनों का प्रयोग कक्षा शिक्षण में आवश्यक हो गया है, जिसके द्वारा बच्चों में शैक्षिक सुधार, नामांकन वृद्धि एवं ठहराव को सुनिश्चित किया जा सकता है, जैसे कि आज की कार्यशाला शिक्षा में नवाचार को लेकर केंद्रित है। शिक्षकों को चाहिए कि बच्चों को सीखने की स्थितियों का आकलन पर पठन पाठन में शिक्षण सहायक सामग्री खेल गति. विधि एवं को शामिल किया जाए। गत वर्ष आयोजित नेशनल एचीवमेंट सर्वे, परख परीक्षा में उत्तर प्रदेश और मुरादाबाद जनपद की स्थिति में सुधार कक्षा शिक्षण में सुधार का ही परिणाम है, समस्त परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक व दो में भाषा तथा गणित संबंधित निपुण आकलन में जनपद की स्थिति विगत आकलन की तुलना में बहुत बेहतर रही है। इसका श्रेय हमारे शिक्षकों की लगन एवं निष्ठा को जाता है।



विज्ञान, गणित, किट, लाइब्रेरी की पुस्तक विज्ञान प्रयोगशालाएं सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधन हैं। जिनके उपयोग से हम बच्चों में दक्षता का विकास सरलता से कर सकते हैं। कार्यशाला में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बुद्ध प्रिय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद अजहरे आलम, न्याय पंचायत प्रभारी फरहत अली, एसडीएम विनय कुमार सिंह, शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष राज बहादुर सिंह जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव आदि ने अपने विचार प्रकट किए। अपने स्कूलों में अभिनव प्रयोग करने वाले दीपाली गुप्ता भूड़मरेशी, मोहर सिंह नगलिया जट, पारुल बाजपेई और शाहीन सहसपुर, अर्चना रानी गुलड़िया, विनम्र कौशिक मीरापुर माफी, खदीजा बेगम शेरपुर माफी, रविंद्र शर्मा अलेहलादपुर देवा, दिनेश ग्वालखेड़ा, भानु मणि गुप्ता जलालपुर आदि परिषदीय अध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## त्योहारों को लेकर डिप्टी एसपी ने डीजे संचालकों के साथ की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ठाकुरद्वारा।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशा पर कोतवाली परिसर में डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। आगामी त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशा पर कोतवाली परिसर में डीजे संचालकों के साथ डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीजे संचालकों को साउंड स्तर, समय-सीमा, और धार्मिक स्थलों व जुलूस मार्गों पर नियमों के पालन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि उच्च ध्वनि प्रदूषण और तय समय सीमा के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी संचालकों से अपेक्षा की गई कि वे प्रशासन के सहयोगी बनकर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में भूमिका निभाएं। वही डीजे संचालकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि वे नियमों का पालन करते हुए किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न नहीं होने देंगे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल, इस्पेक्टर क्राइम संजय शुक्ला, सहित अन्य मौजूद रहे।



# एजबेस्टन में भारत को पहली जीत दिला पाएंगे शुभमन गिल!

**● टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा, 2 जुलाई से दूसरा मैच**

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 0-1 से पिछड़ रहा है। टीम को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा।

यह मुकाबला 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। एजबेस्टन मैदान पर भारत 58 साल में टेस्ट नहीं जीता, 39 साल पहले ड्रा खेला था भारतीय टीम ने एजबेस्टन मैदान पर पहला मैच 58 साल पहले 1967 में खेला था। 13 जुलाई से 15 जुलाई तक खेले इस गए मुकाबले में मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 132 रनों की हार झेलनी पड़ी थी।

तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट मैच खेले, लेकिन किसी भी मैच में जीत नसीब नहीं हुई। भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 को एक ड्रा मैच खेला था। 3 से 8 जुलाई तक चले इस मुकाबले में मो. हिंदर अमरनाथ (79 रन), मोहम्मद अजहर (64 रन) और सुनील गावस्कर (54 रन) ने अर्द्धशतकीय पारियां खेलकर मैच ड्रा कराया था। इस मैच की कप्तानी कपिल देव कर रहे थे। कोहली टॉप स्कोरर, चेतन शर्मा को सबसे ज्यादा विकेट वर्तमान भारतीय टीम में ऋषभ पंत इकलौते खिलाड़ी हैं, जो एजबेस्टन मैदान पर भारत के टॉप प्लेयर्स की सूची में शामिल हैं। यहां के टॉप स्कोरर्स की सूची में विराट कोहली पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 4 पारियों में 57.75 के एवरेज से 231 रन बनाए हैं।

इनमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल है। प्लेयर्स की इस सूची में सुनील गावस्कर, ऋषभ पंत, सचिन तेंदुलकर और गुंडप्पा विश्वनाथ जैसे नाम हैं। टॉप 5 विकेट टेकर्स में शामिल कोई भी गेंदबाज इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। यहां चेतन शर्मा ने 10 विकेट झटके हैं। इस सूची में ईएएस प्रसन्ना, आर अश्विन, कपिल देव और ईशांत शर्मा के नाम हैं। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज किया इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा रन चेज इसी मैदान पर किया था।



# जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी पड़ ना जाए भारी

**● भारत बनाम इंग्लैंडः 2024 से सिराज को नहीं मिला पांच विकेट हॉल, कुलदीप पर नजरें**

**बर्मिंघम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला हार चुकी भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में वापसी करना चाहेगी। दूसरा मैच एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसमें जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। लीड्स टेस्ट में बुमराह ने 14वीं बार पांच विकेट हाल लेकर इंग्लैंड पर काफी हद तक दबाव बनाया था लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों का साथ नहीं मिला। मोहम्मद सिराज प्रभावी गेंदबाजी नहीं कर पाए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा महंगे साबित हुए। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला दो जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में अगर बुमराह को आराम मिलता है, तो तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्व की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज पर होगी। हालांकि, सिराज फार्म से बाहर चल रहे हैं। 2024 से उन्होंने टेस्ट 19 पारियों में 28 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि, उन्हें एक बार भी पांच विकेट हॉल नहीं मिला है। इस दौरान सिराज का औसत 37.5 का रहा है। वहीं, एजबेस्टन में उनके रिकॉर्ड पर नजर डालें, तो उन्होंने सिर्फ एक मुकाबला खेला है। 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में सिराज को पहली पारी में चार विकेट मिले थे। हालांकि, दूसरी पारी में उनके हाथ खाली रहे। लीड्स टेस्ट में 31 वर्षीय गेंदबाज को सिर्फ दो विकेट मिले और उन्होंने 173 रन लुटाए थे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 200 से ज्यादा रन खर्च किए, जिसका असर मैच के नतीजे पर पड़ा। अब अगर बुमराह आगामी मुकाबले में नहीं खेलेंगे तो सिराज, प्रसिद्ध और शार्दुल पर सभी की नजरें रहेंगी। आमतौर पर एजबेस्टन की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए लाभदायी होती है। यही वजह है कि माइकल क्लार्क और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे दिग्गजों ने कुलदीप यादव को प्लेइंग 11 में शामिल करने पर जोर दिया है। दोनों को पिच के सूखे रहने की उम्मीद है। क्लार्क ने बियान्ड23 पाडकास्ट में कहा कि गेंदबाजी के लिहाज से मैं किसी एक खिलाड़ी पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल आसान है। वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है। वहीं, अजहरुद्दीन ने कहा कि वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। भारत के लिए 2017 में टेस्ट डेब्यू करने वाले कुलदीप अब तक 13 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 3.55 की इकोनामी से गेंदबाजी करते हुए 56 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड में उन्होंने अबतक सिर्फ एक मैच खेला है, वो भी लाड्र्स में।

# पीसीबी ने अजहर महमूद को टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच किया नियुक्त



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर महमूद को पुरुष टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी की ओर से अजहर की नियुक्ति को लेकर जारी बयान में कहा है कि अजहर महमूद ने शानदार अनुभव के साथ राष्ट्रीय टीम के सहायक मुख्य कोच की भूमिका को संभाला है।

वह लंबे समय से टीम के रणनीतिक कोर का अहम हिस्सा रहे हैं। क्रिकेट के बारे में उनका गहरा ज्ञान, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी सर्किट में सफलता हासिल करना उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाता है।

उन्होंने कहा कि अजहर अपने मौजूदा अनुबंध के समापन, अगले टेस्ट मैचों, अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर और दिसंबर-जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने मैचों तक अपने पद पर बने रहेंगे। अजहर को 2024 की शुरुआत में पाकिस्तान के न्यूजीलैंड के सफेद गेंद दौरे से पहले अंतरिम आधार पर नियुक्त किए जाने के बाद से राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच थे। 50 वर्षीय पूर्व ऑलराउंडर ने 20 साल की उम्र में क्रिकेट में पर्दापण किया था। उन्होंने 143 एकदिवसीय और 21 टेस्ट में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।

# आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब

**● आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग पर लगातार तीसरी जीत है**




**आयोवा, वार्ता।** भारत के आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कनाडा के ब्रायन यांग को पुरुष एकल में हराकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम कर लिया। काउंसिल ब्लफ्स में रविवार को खेले गये मुकाबले में विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज ब्रायन यांग को 47 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया।

यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग के खिलाफ लगातार तीसरी जीत है। यह 2025 में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी की पहली खिताबी जीत है। खिताब जीतने के बाद 20 वर्षीय शेट्टी ने कहा कि यह बहुत मायने रखता है कि सीनियर सर्किट में मेरा यह पहला खिताब है। इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं। मैंने यहां बेहत. रीन बैडमिंटन खेला और मैं अगले सप्ताह कनाडा ओपन का इंतजार कर रहा हूं। वहीं महिला एकल वर्ग के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा, अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन बेइवेन झांग के हार गईं। पहला मैच हारने के बाद तन्वी शर्मा ने दूसरे मैच में वापसी करते हुए गेम को तीसरे मैच तक ले जाने में सफल रहीं। हालांकि भारतीय शटलर आखिरी मैच हार गई। रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज बेइवेन झांग ने तन्वी को 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 16-21, 21-10 से मात दी। हार के बावजूद तन्वी शर्मा ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनकर इतिहास रच दिया।

**खेल विशेष**

## स्पेन, नीदरलैंड ने जीता फीबा 3 गुणा 3 विश्व कप का खिताब

**उलानबटोर, वार्ता।** स्पेन और नीदरलैंड की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गुणा 3 बॉस्केटबॉल विश्वकप (फीबा) 2025 में पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते हैं। मंगोलिया की 3 गुणा 3 बास्केटबॉल एसोसिएशन के अनुसार रविवार को खेले गये पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में स्पेन की टीम ने स्विट्जरलैंड को 21-17 से हराया। वहीं महिला वर्ग में नीदरलैंड ने मेजबान मंगो. लिया को 15-9 से शिकस्त दी। पुरुषों के कांस्य पदक मुकाबले में सार्बिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 21-16 से हराया। महिला वर्ग में कनाडा ने पोलैंड को 21-9 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## अंकुर, तनीषा की मिश्रित जोड़ी ने जीता टीटी एशियाई युवा चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**ताशकंद, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अंकुर भट्टाचार्जी और तनीषा कोटेचा भारतीय जोड़ी को टेबल टेनिस अंडर-19 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम गॉन और पार्क गाहियोन की जोड़ी से मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, ताशकंद के हुमो एरीना में खेले गए मैच में भारतीय जोड़ी ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन कड़े मुकाबले में 2-3 से हार गई। कोरियाई जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों पर 11-9, 8-11, 11-7, 3-11, 11-3 से जीत दर्ज की। अंकुर और तनीषा की जोड़ी ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और दक्षिण कोरियाई जोड़ी को निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया।

# इंग्लैंड के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**● दूसरे टी-20 में होगी हरमनप्रीत कौर की वापसी ब्रिस्टल में आज शुरू होगा दूसरा मुकाबला**

**ब्रिस्टल, वार्ता।** भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड से पांच मैचों की टी-20 सीरीज में सामना हो रहा है। हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में भारत ने इंग्लैंड को पहले टी-20 मैच में 97 रनों से हराया था। अब टीम की नजर दूसरे मुकाबले में जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करने पर होगी।

ब्रिस्टल में मंगलवार को दूसरा मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा, जिसमें हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद है। पहले मुकाबले में उनकी जगह स्मृति मंधना ने टीम की कमान संभाली थी। नाटिंघम में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था।

मंधना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबा. जों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं। भारतीय खिलाड़ियों को बंगलुरू में लंबे शिविर के बाद इंग्लैंड में जल्दी पहुंचने और कुछ अभ्यास मैचों में खेलने से लय हासिल करने में मदद मिली और पहले मैच में उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया।

# छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतह की, बनाया विश्व रिकॉर्ड

**● तेगबीर सिंह ने 20 जून को माउंट एलब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी**



**रूपनगर, वार्ता।** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी।

इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। रूस के पर्वतारोहण, रॉक क्लाइलम्बग और स्पोर्ट्स टूरिज्म फेडरेशन ऑफ काबर्डिनो बाल्केरियन रिपब्लिक ने माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले तेगबीर को पर्वतारोहण प्रमाणपत्र जारी किया। प्रमाणपत्र में लिखा है कि यह प्रमाणित किया जाता है कि भारत के छह साल नौ महीने और चार दिन की उम्र में तेग. बीर सिंह माउंट एल्ब्रस पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं। इसी के साथ तेगबीर ने पिछले साल सात वर्ष और तीन महीने की उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले वाघा कुशाग्र (महाराष्ट्र, भारत के मूल निवासी) के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2024 में वह माउंट किलिमंजारो (अफीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए थे और उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। वह अप्रैल 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) भी पहुंचे थे। चोटी फतह करने वाले तेगबीर सिंह ने कहा कि मुझे पता था कि मुझे कहां पहुंचना है और आखिरकार मैं पहुच गया और वहाँ अपने पिता के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। रोपड़ के शिवालिक पब्लिक स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र ने कहा मैं पहली बार बर्फ पर चल रहा था, मेरे जूते भारी थे, लेकिन मैंने इसका अभ्यास किया था।

# 600 में जूनियर आर्टिस्ट से टीम इंडिया तक का सफर

**भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट और म्यूजिशियन बनने की कोशिश भी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले वरुण चक्रवर्ती का करियर काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उन्होंने हाल ही में रविचंद्रन अश्विन के यूटयूब शो 'कुट्टी स्टोरीज विद ऐश' में अपने करियर के बारे में बताया।

क्रिकेट के मैदान पर सफलता पाने से पहले वरुण ने बतौर आर्किटेक्ट, म्यूजिशियन, फिल्मकार, और जूनियर आर्टिस्ट काम किया। उन्होंने कहा कि मैंने आर्किटेक्ट, म्यूजि. शियन बनने की कोशिश भी की। जूनियर आर्टिस्ट में 600 रुपए हर दिन मिलते थे। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद वरुण को टीम से बाहर कर दिया था, लेकिन फिर 33 साल के इस खिलाड़ी ने दुबई में हुए टूर्नामेंट में 9 विकेट लेकर भारत को चैंपियन बनाया। वरुण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेकेंड टॉप विकेट टेकर थे। आर्किटेक्ट की नौकरी वरुण ने बताया कि कालेज के बाद उन्होंने एक आर्किटेक्चरल कंपनी में डेढ़ साल तक असिस्टेंट आर्किटेक्ट के तौर पर काम किया। शुरुआत में सैलरी 14,000 थी, बाद में 18,000 हो गई। लेकिन ऑफिस में बैठना मेरे लिए संभव नहीं था।

आर्किटेक्चर छोड़ने के बाद वरुण ने कुछ समय गिटार बजाने और संगीत में करियर बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मैं एक घंटे से ज्यादा गिटार प्रैक्टिस ही नहीं कर पाता था। 6-8 महीने में समझ आ गया कि अगर आपका मकसद सिर्फ दूसरों को इम्प्रेस करना है, तो कोई भी कला नहीं चलेगी। वरुण ने फिर इंटीरियर डिजाइन और कंस्ट्रक्शन का बिजनेस शुरू किया। उन्होंने कहा, एक साल सब ठीक चला, लेकिन फिर साइक्लोन वरदा आया और मेरी सारी कमाई बहा ले गया। जूनियर आर्टिस्ट बने, 600 हर दिन मिलते थे वरुण का बिजनेस जब नहीं चला तो वे अपने दोस्तों के साथ फिल्म इंडस्ट्री में गए, जहां उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर बनने की कोशिश की। वहां जब एक डायरेक्टर ने उनसे पूछा, क्रिकेट खेलते हो? तब उन्होंने कहा, सिर्फ टेनिस-बाल क्रिकेट। इसके बाद उन्हें एक फिल्म में जूनियर आर्टिस्ट के तौर पर साइन किया गया।

मुझे 600 प्रतिदिन मिलते थे, उस वक्त ये काफी था। वरुण ने कुछ शार्ट फिल्में भी लिखीं और डायरेक्ट कीं, लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि वह इमोशंस तो पकड़ पाते हैं, लेकिन उसे स्क्रीनप्ले में ढालना मुश्किल होता है। उन्होंने इस पर कहा, 20 दिन तक शूट चला, मुझे मजा आया। फिर मैंने कुछ स्क्रिप्ट्स लिखीं, लेकिन उन्हें पिच नहीं कर पाया। साल 2014 में वरुण ने तमिल फिल्म जीवा में काम किया। ये फिल्म एक ऐसे क्रिकेटर की कहानी थी, जो पूरी तरह से नाकाम था। टेनिस बाल से टीम इंडिया तक टेनिस-बाल क्रिकेट खेलने वाले वरुण ने बाद में अपने क्रिकेट करियर पर ध्यान दिया। उन्हें लोकल टूर्नामेंट में उनकी मिस्ट्री स्पिन से पहचान मिली। बाद में उन्हें आईपीएल में कोलकाता नाईट राइडर्स ने खरीदा। यहीं से उन्हें पहचान मिली। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में वरुण का सिलेक्शन हुआ लेकिन वे टीम के लिए कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद उन्हें टीम से निकाल दिया गया। फरवरी में उनकी इंग्लैंड सीरीज में वापसी हुई। जिसमें उन्होंने शानदार परफार्म किया।




# सेना इलेवन ने जीती ऑपरेशन सिंदूर कप की ट्रॉफी

**कानपुर, वार्ता।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारी बारिश बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर क्रिकेट कप मैच में सेना इलेवन ने सांसद इलेवन को नौ विकेट से हराकर कप अपने नाम किया। टीम की ओर से पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 54 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। सांसद रमेश अवस्थी की ओर से आयोजित ऑपरेशन सिंदूर कप के मैच में टॉस जीतकर सांसद इलेवन ने बैटिंग करने का फैसला लिया। कुल 12 ओवर में आठ विकेट पर सांसद इलेवन ने 95 रनों का स्कोर खड़ा किया। सांसद इलेवन की ओर से मनोज तिवारी और बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा पारी की शुरूआत करने उतरे। दोनों ने 3.4 ओवर में 40 रनों की साझेदारी की। इस बीच उन्नाव डीएम गौरांग राठी ने मनोज तिवारी को सुधीर कुमार के हाथों कैच करा दिया। मनोज ने 12 गेंदों में दो चौके व तीन छक्कों के दम पर 30 रन बनाए। सेना इलेवन से मनीष सोनकर ने चार, गौरांग राठी ने दो और एक विकेट आशुतोष ने चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेना एकादश के कप्तान ब्रिगेडियर शब्बरुल हसन और पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। अखिल कुमार ने गौरांग राठी के साथ 10.1 ओवर में 99 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दिलाई।

# एसपी ट्रैफिक के आदेश पर टीएसआई के तेवर सख्त

## कई सरकारी बसों का चालान कर वाहन चालकों को किया यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एसएसपी के आदेश से जनपद में चलाए जा रहे मिशन रोड सेफ्टी जीवन रक्षा अभियान के तहत आज एसपी ट्रैफिक के आदेश आने के बाद टीएसआई जयप्रकाश सिंह के तेवर सख्त हो गए वह अपनी टीम के साथ पुराने बस अड्डे पहुंचे और वहां बसों को खड़ा करने वाले चालकों का चालान काट दिया। बताया गया कि करीब आधा दर्जन से ज्यादा बस कार्रवाई का शिकार हुई इसके बाद उन्होंने लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी ठेले वालों को अपनी हद में रहने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर सड़क किनारे ठेला खड़ा करने से जाम लगता है यदि ठेले वाले अपनी इस आदत से बाज नहीं आए तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी लाउडस्पीकर की आवाज सुनकर ठेले वाले सकते में आ गए और उन्होंने अपने-अपने ठेले पीछे हटा लिए। इसके बाद उन्होंने कार बाइक मैजिक एवं अन्य वाहन चाल. कों को रोक कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर टीएसआई जेपी सिंह हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह होमगार्ड हरिओम सिंह एवं कुवर सिंह मौजूद रहे।

## एसडीएम ने गोशालाओं में जाकर परखीं व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** इंसान तो अपनी चिंता और बचाव स्वयं कर लेता है परंतु लगातार बरसात में क्षेत्र की गौशालाओं में संरक्षित गोवंश की चिंता बिलारी के कर्मठ, सक्रिय और लोकप्रिय एसडीएम विनय कुमार सिंह को ही है जिन्होंने आज के सबसे जरूरी कार्यों की श्रेणी में इसे भी रखा और गौशालाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। जिलाधिकारी के आदेश पर हाजीपुर, फतेहपुर नत्था, मल्लीपुर महमूदा नगला में जाकर गौशालाओं का निरीक्षक कर हरे और सूखे चारे, चूना युक्त पानी, समुचित साफ-सफाई वर्षा से बचाव के निर्देश दिए। उपलब्ध सुविधाओं की भी देखा।

# ब्राह्मण शक्ति संघ की कार्यकारिणी ने ली शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा चन्दौसी तत्वाधान में सोमवार को स्टेशन रोड स्थित एबीसी मॉन्टेसरी स्कूल में ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी नगर कार्यकारणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया जिसका शुभारंभ सभा संरक्षिका संगीता भार्गव, विशिष्ट अतिथि संरक्षक मंडल सदस्य शालिनी शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। नई कार्यकारणी सदस्यों और उपस्थित अन्य सदस्यों ने अपना-अपना परिचय देते हुए अपने कार्यक्षेत्र के बारे में बताया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम संयोजिका रंजना शर्मा द्वारा ब्राह्मण महिला सभा की 2025 की नवनिर्वाचित अध्यक्ष उर्मिला शर्मा का जीवन परिचय देते हुए उनकी उपलब्धियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने जीवन में संघर्षों से जूझते हुए समाज के निर्बल और असहाय मनुष्यों की सहायता की। सभा के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों में अपना पूर्ण समर्पण दिया। सभा संरक्षिका संगीता भार्गव ने उर्मिला शर्मा को शपथ दिलाई। तदुपरांत महामंत्री रंजना शर्मा द्वारा सचिव रानी शर्मा, कोषाध्यक्ष मीरा दुबे, आंतरिक उपाध्यक्ष सीमा शर्मा, बाह्य उपाध्यक्ष रेनू शर्मा, सहसचिव शिप्रा शर्मा एड, मीडिया प्रभारी आशा गोस्वामी, विशेष सदस्य अंशु नागर, सरोज शर्मा, नगर कार्यकारणी सदस्य शुभ्रा शर्मा, साधना पाठक, माधुरी शर्मा, कमला शर्मा, इंद्रेश शर्मा, आभा शर्मा, विमलेश शर्मा, स्वर्णलता दीक्षित, स्वाति शर्मा, पूजा शर्मा आदि को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण करने के उपरांत सभा सचिव रानी शर्मा का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर रुचि नागर, स्वर्णलता दीक्षित आदि मौजूद रहीं।

## श्री मद् भागवत कथा तीन जुलाई से प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरपुर पट्टी स्थित मनोकामना कुटी चरण दासी संत समागम श्री श्री 108 रामदास बाबा जी के स्थान पर आगामी 3 जुलाई से श्री मद् भागवत कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन 3 जुलाई (वृहस्पतिवार) से प्रारंभ होकर 9 जुलाई (बुधवार) तक चलेगा। कथा का समापन 10 जुलाई को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन की जानकारी पुजारी श्री हरिदास बाबा द्वारा दी गई। कथा स्थल को भव्य रूप से सजाने की तैयारियां चल रही हैं। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से भाग लेने की अपील की है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के जन्मदिन के शुभ अवसर पर महानगर कार्यालय बुद्धि विहार पर उनका जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि आज हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए खुशी का दिन है आज प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह का जन्मदिन है उनका जन्मदिन मनाने के लिए हम सभी यहां एकत्रित हुए हैं हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं उनका मार्गदर्शन हमें हमेशा मिलता रहे यही ईश्वर कामना करते हैं।जन्मदिवस कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, पार्षद दल के उप नेता सुरेंद्र बिश्नोई गिरीश वर्मा साध्वी गीता प्रधान महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, विशाल त्यागी दिनेश सिसोदिया, नवदीप टंडन, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, हेमराज सैनी, चंद्र प्रजापति, शम्मी भटनागर, अजय वर्मा, सर्वेश पटेल, डॉ लता चंद्रा,शशि किरण, हेमा खत्री, अर्चित गुप्ता, सौरभ सक्सैना दीक्षांत चौधरी, अतुल दुबे, मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, सूर्यमोहन शमशेरी, राजीव शर्मा, विपिन प्रजापति, सोमपाल प्रजापति, अमित शर्मा, मुंशी राम कश्यप, डॉ मदालसा शर्मा, राजेश रस्तौगी, बबलू श्रीवास्तव गुड्डू सैनी, अमित शर्मा, धर्मेश सैनी, भरत टंडन, कुलदीप नारायण, विनोद शर्मा, मुकेश भारद्वाज, योगेश गुप्ता, मुनीन्द्र कुमार, सुनीता शर्मा, पूर्णिमा खन्ना रंजना शर्मा प्रिया अग्रवाल हरिओम सैनी सुमित चौहान अश्वनी शर्मा अरुण कुमार मयंक कश्यप राजपाल आदि मंडल मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी पार्षद गण शामिल रहे।

## एक नजर

### जनता दरबार लगाकर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सुनी जन समस्याएं



**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर सोमवार को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी। इस दौरान मुख्य रूप से बिजली विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग आदि से जुड़ी जन समस्याओं के अलावा गृह क्लेश, आपसी झगड़े आदि लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया गया। हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, लाल सिंह यादव, दीपक, कल्लू, मतलूब, परवीन, यूसुफ, आमिल सिद्दीकी सभासद, जरीफ सभासद आदि मौजूद रहे।

### स्टेट बैंक चन्दौसी में लगा रक्तदान शिविर




**चन्दौसी।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा चन्दौसी के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बैंक के स्टाफ व आम जनता द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकरी डा0 तरुण पाठक द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चन्दौसी चिकित्सालय के इंचार्ज डा0 हरविन्दर सिंह व जिला चिकित्सालय की टीम में डा0 प्रियांक अग्रवाल, मनोज भारद्वाज, सचिन कुमार व शिवानी द्वारा रक्तदाताओं का वीपी, शुगर आदि चौक किया गया। इस अवसर पर रामपुर क्षेत्रीय कार्यालय से आये प्रबंधक मनोज कुमार, शाखा के मुख्य प्रबंधक संदीप कुमार, गीरेन्द्र अग्रवाल, तुलिका वरनवाल आदि मौजूद रहे।

### तेज बारिश से शहर में जलभराव



**चन्दौसी।** शहर में सोमवार को हुई तेज बारिश ने नगरपालिका की पोल खोल कर रख दी। कुछ ही देर की बारिश से मुख्य सड़कों, कॉलोनियों और बाजारों में जलभराव की स्थिति बन गई जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जगह-जगह पानी भर जाने के कारण यातायात बाधित हुआ और कई वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए। तेज बारिश ने एक बार फिर दिखा दिया कि यदि नगर निकाय समय रहते तैयारियां न करे, तो कुछ घंटे की बारिश भी शहर की रफ्तार थाम सकती है। बता दें कि बारिश के कारण सबसे अधिक जलभराव फुब्बारा चौक, एफआर रोड, स्टेशन रोड, गौशाला रोड आदि स्थानों पर हुआ जहां लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### एससी-एसटी एक्ट में वांछित को पुलिस ने पकड़ा

**बिलारी।** एससी एसटी एक्ट के दर्ज कराए गए मुकदमे में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। बिलारी गांव रुस्तम नगर सहसपुर के कमल कुमार पुत्र इंदल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि तौफीक पुत्र भूरा उर्फ इदरीश फल आदि बेचता है। उनका बेटा प्रभात कुमार वहां पहुंचा तो तोल भाव करने को लेकर मारपीट की। तौफीक और उसके साथ ही भी मौके पर आ जाए। इस बीच मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। पुलिस ने इस मामले में अब तौफीक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### मुकदमे के वारंटी को गिरफ्तार कर किया कोर्ट में पेश

**बिलारी।** अनेकों मुकदमे में वांछित चल रहे अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया रुस्तम नगर सहसपुर के मोहल्ला इमलियां के रहने वाले लीम पुत्र यामीन, राशिद पुत्र यासीन व जावेद पुत्र खलीक को पुलिस ने वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर लिया आरोपियों के मुरादाबाद कोर्ट से वारंट चल रहे थे। सभी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में दो लाख व बाइक की मांग पूरी न होने पर और विवाहिता के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी तीन तलाक की धमकी देने के आरोप में पीडिघ्ता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लानगर चमरावाला निवासी एक विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पति फरमान अक्सर दूसरी महिलाओं से फोन पर बातें करता है और जब वह विरोध करती है तो उसे गाली-गलौज कर बुरी तरह मारता-पीटता है। ससुराल पक्ष के लोग दहेज में मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये मांग करने लगे। जब विवाहिता के इनकार करने पर उसे प्रताडिघ्त करने लगे और उसके पति ने तीन तलाक देकर दूसरी शादी की धमकी देता था। पीडिघ्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका ससुर उस पर बुरी नजर रखता है। जब उसने इसकी शिकायत अपनी सास से की तो उल्टा उसकी सास ने भी उसके साथ मारपीट की। 26 जून को जब पीडिघ्ता अपने मायके में अकेली थी, तभी उसका ससुर वहां घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर उसे पीटा और किसी भी प्रकार की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीडिघ्ता ने पुलिस से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने आगामी त्योहारों को लेकर डीजे संचालकों को किया नोटिस जारी

## कहा: मानक के विपरीत डीजे बजाया, तो होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस ने सतर्कता बढ़ाते हुए सभी डीजे संचालकों को नोटिस जारी किया और थाने में बुलाकर डीजे बजाने के मानको से अवगत कराया बताया गया कि आगामी त्योहारों पर डीजे बुक नहीं किया जाएगा, केवल स्पीकरो का प्रयोग भी सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार होगा, स्पीकर में व्यक्ति विशेष समुदाय जाति को लेकर किसी भी प्रकार का गाना नहीं बजाया जाएगा केवल सेंसर बोर्ड द्वारा पास गानों या धुनों का प्रयोग होगा। स्पीकर को रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 तक बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। स्पीकरों की आवाज निर्धारित ध्वनि सीमा में होगी और स्पीकर बजाने वालों को डीजे संचालक पहले से ही नियमों की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी डीजे संचालक ने इन मानको के विपरीत काम किया तो उसके खिलाफ संबंधित धारा में सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने सभी डीजे संचालकों को पाबंद करते हुए साफ निर्देशित किया की मानक के अनुसार ही डीजे का प्रयोग करते हुए सभी डीजे संच. ालक पुलिस को सहयोग करें।

### गांधी स्मारक महाविद्यालय का छात्र सम्मानित

**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के गांधी स्मारक महाविद्यालय के छात्र जुल्फिकार मलिक बी०ए० षष्ट्म सेमेस्टर ने अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता, भटिण्डा, में कास्य पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य डॉ० भूपेन्द्र सिंह ने पुरस्कार स्वरूप भेट देकर महाविद्यालय की ओर से आशीर्वाद प्रदान किया।

### जान जोखिम में डालकर रेलवे फाटक के नीचे से लोग निकाल रहे बाइक

**चन्दौसी।** लोग जान की परवाह किए बिना रेलवे फाटक के बंद होने से बैरियर के नीचे से बाइक निकालते हैं। यहां बताते चलें कि 36बी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण जा रहा है जिसकी वजह से मार्ग बंद है। केवल वाईपास एवं एक 35बी रेलवे फाटक वाला मार्ग शेष है। इधर रेलवे जंक्शन पर रेलगाडिघ्यों का आना जाना रहता है जिससे रेलवे फाटक बंद हो जाने से जाम लगना आम बात है परंतु लोग अपनी जोखिम में डालकर रेलवे फाटक के नीचे से बाइक निकालते हैं।

## शकूर बस्ती रेलवे स्टेशन पर चलाया जागरुकता अभियान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चल रहे मिशन के तहत बाहरी जिला पुलिस की एंटी-ईव-टीजिंग टीम (शिष्ठाचार दस्ते) ने शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि इस पहल के दौरान, दस्ते ने यात्रियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की, सूचनात्मक पर्चे बांटे और सार्वजनिक क्षेत्रों में छेड़छाड़ और अनुचित व्यवहार से संबंधित प्रमुख मुद्दों को संबोधित किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को उपलब्ध कानूनी सुरक्षा,आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर, और दिल्ली पुलिस द्वारा प्रदान किए जाने वाले सहायता संसाधन के बारे में जनता को जानकारी दी।

# लापरवाही! टोरेन्ट गैस पाइपलाइन फटने से गैस रिसाव



**चन्दौसी।** सोमवार को शक्तिनगर चौराहा के पास सड़क पर बुल्डोजर से खुदाई करते समय टोरेन्ट गैस पाइपलाइन का पाइट फट गया जिससे गैस रिसाव होने लगा जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर एसडीएम आशुतोष तिवारी एवं सीओ अनुज चौधरी पहुंचे। बता दें कि 36बी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है जिसके चलते पेड़ काटे गये थे। सोमवार को ठेकेदार द्वारा बुल्डोजर की सहायता से पेड़ों की जड़ें निकाली जा रही थीं, तभी बुल्डोजर टोरेन्ट गैस पाइपलाइन में जाकर लग जिससे पाइपलाइन फट गयी और गैस रिसाव होने लगा जिससे लोगों को हड़कंप मच गया। दुकानदार अपनी दुकानों से भाग खडेघ्हुए। सूचना पर एसडीएम आशुतोष तिवारी व सीओ अनुज चौधरी पहुंचे और तुरंत टोरेन्ट पाइपलाइन के कर्मचारियों व फायरब्रिगेड को बुलाया गया। इधर बुल्डोजर चालक का कहना था कि उसे नहीं बताया कि यहां पाइपलाइन है। पाइपलाइन कंपनी के कर्मचारियों द्वारा लाइन को सही कर कवर किया गया। फिलहाल जरा सी भूल से कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

## निगम के 240 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 240 कर्मचारी आज सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवा. निवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पी पी ओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किए।

# मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में किया एमएलए लाउंज का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में नवनिर्मित एमएलए लाउंज का उद्घाटन किया। वर्षों से बंद पड़े इस एमएलए लाउंज में जनप्रति. निधियों को एक सुसज्जित, शांत और सुविधा-संपन्न वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक कुशलता व प्रभावशीलता से कर सकेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि पिछली सरकारें संवाद नहीं, अलगाव में विश्वास रखती थी, इसलिए सालों पहले लाउंज बंद कर दिया था। हमारी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन किया है। यह लाउंज विधायकों को अधिकारियों से संवाद, बैठकों के आयोजन और क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान में तेजी लाने में सहयोग करेगा। यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जनसेवा को गति देने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार के समय विधायकों को मुख्यमंत्री कार्यालय में आने की अनुमति नहीं थी। अधिकारी भी अंदर नहीं जा पाते थे। हाल यह था कि पत्रकारों को भी सचिवालय में आने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस लाउंज को हमने इसलिए सुविधाओं के साथ शुरू किया क्योंकि यह सबकी साझी सरकार है। आज हमारी सरकार में माहौल भी बदला हुआ है। विधायक गण तो मुख्यमंत्री कार्यालय में सीधे प्रवेश कर सकते हैं, अब तो पत्रकार भी मुख्यमंत्री कार्यालय तक जा सकते हैं। जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारी तक, कर्मचारी के अलावा मीडिया भी अब यहां बेहतर महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि एमएलए लाउंज का उद्घाटन हमारी सरकार की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करेगा और बेहतर माहौल देगा।

# नगर पालिका के नो पार्किंग जोन घोषित करने के बाद भी बना पार्किंग स्थल



**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका द्वारा नगर में कोर्ट रोड पर नगरपालिका की दुकानों और कोतवाली के पास बनी सड़क पर वाहनों की लंबी कतार के कारण जाम लगने पर नो पार्किंग जोन घोषित किए गया। नो पार्किक जोन पालिका द्वारा घोषित किए जाने के बाद वाहनों ज्यों के त्यों खड़े गए है। इससे साफ जाहिर है कि पालिका के आदेश को वाहन चालक धज्जियां उड़ रहे है। इससे न केवल यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है बल्कि आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के पालिका के निकट सड़कों पर लगाए गए नो पार्किंग बोर्ड सिर्फ दिखावे भर के रह गए हैं। लोगों द्वारा नियमों की अनदेखी और संबंधित विभाग की निष्क्रियता के चलते ये क्षेत्र अवैध पार्किंग स्थलों में तब्दील हो चुके हैं स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि नगर पालिका कर्मी कभी-कभार ही इन पर कार्रवाई करते हैं, जिससे वाहन चालकों में कोई डर नहीं है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि नगर में व्यवस्था को सुधारने के लिए सख्ती से नियमों का पालन कराया जाए, नो पार्किंग जोन की नियमित निगरानी हो और अवैध पार्किंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तब जाकर अवैध पार्किंग से निजात मिलेगी।




# सम्पादकीय

मंगलवार, 1 जुलाई 2025

## रक्षा मजबूती की तरफ कदम

पहले अरमेनिया, अजरबेजान उसके बाद रूस-यूक्रेन फिर इजरायल-हमास और हाल ही में जिस तरह ईरान और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ा, उससे साफ हो गया कि अब भविष्य में युद्ध तकनीक के आधार पर लड़े जाएंगे, जिसके पास तकनीक बेहतर होगी, वही देश बाजी मारेगा। यही कारण है कि अब भारत ने भी इन युद्धों से सबक लेते हुए अपनी सैनिक क्षमता बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष में डिफेंस सेटेलाइट भेजने की तैयारी कर ली है। सरकार ने तय किया है कि 2029 तक 52 स्पेशल डिफेंस सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजी जाएंगी। ये सभी सेटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगी और पाक-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखी जाएगी। यह सेटेलाइट आर्टिफिशियल इंटेजिलेंस बेस्ड होंगे और 36 हजार किमी की ऊंचाई पर यह आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। जिससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज, तस्वीर भेजने में आसानी होगी। इसके लिए सरकार ने स्पेस बेस्ड सर्विलांस-3 योजना बनाई है और इसके लिए 26 हजार 986 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी। वैसे इस मिशन की शुरुआत 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी और इस प्रोग्राम के तहत 4 सेटेलाइट लॉन्च किए गए थे। इसके बाद 2013 में छह सेटेलाइट लॉन्च किए गए। इस मामले में देखा जाए तो चीन हमसे कहीं आगे खड़ा दिखाई देता है। 2010 में जहां चीन के पास सिर्फ 36 सैन्य सेटेलाइट थे, वहीं उसके पास आज 1000 से ज्यादा सेटेलाइट हैं। जिनमें से 360 से ज्यादा निगरानी कार्यों के लिए हैं। चीन के पास एंटी सेटेलाइट मिसाइल, कॉ-ऑर्बिटल सेटेलाइट, इलेक्ट्रॉनिक वालफेयर सिस्टम भी हैं। देर से ही सही यह सरकार ने बेहतर तरीका अपनाया है जिसके चलते निश्चित रूप से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। जिससे चीन-पाक पर निगाह रखने में आसानी होगी। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि आज का दौर युद्धों के मामले में परंपरागत नहीं रहा है, उसकी जगह तकनीक लेती जा रही है। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच खुलकर तकनीक का प्रयोग हुआ। जैसाकि हम जानते हैं कि दोनों देशों की सीमाओं के बीच 2000 से भी अधिक किमी का फासला है, लेकिन इस फासले को तकनीक ने चुटकी में मिटा दिया। जहां इजरायल ने भी ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए, वहीं ईरान ने अपनी मिसाइलों के जरिये तमाम एयर डिफेंस सिस्टम को धता बताते हुए सटीक निशानों पर इजरायल पर वार किया। इन युद्धों में सेटेलाइटों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में भारत का 52 स्पेशल डिफेंस सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजना अपने डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए बड़ा माना जाएगा। हालांकि बेहतर हो कि इस मिशन को चार साल से ही पहले पूरा कर लिया जाए, क्योंकि जितना कम समय में हम इस मिशन को पूरा करेंगे, यह हमें आगे बढ़ने में हमारी और मदद करेगा, क्योंकि जैसाकि हम जानते हैं कि चीन इस मामले में हमसे काफी ज्यादा है और अगर वास्तव में हमें उससे प्रतिस्पर्धा लेनी है, तो काफी तेजी से काम करना होगा।


## पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करना जरूरी



अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया, तो कांग्रेस उसका कड़ा विरोधी करेगी और पार्टी अंतिम दम तक लड़ाई लड़ेगी, आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले मनुस्मृति का समर्थक हैं, वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं, इसलिए वे समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मुख्य सिद्धांतों को पसंद नहीं करते, यह सिर्फ होसबाले की सोच नहीं, बल्कि पूरी आरएसएस की विचारधारा है, अगर वे सचमुच हिंदू धर्म के रक्षक हैं तो पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करें।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस**

# जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति





**भूपेंद्र यादव**

मानव द्वारा उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 2011-20 के दशक में पृथ्वी का तापमान, पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। साथ ही, विकसित देश वैश्विक कार्बन बजट में असंगत हिस्सेदारी रखने के बावजूद जलवायु कार्रवाई को गति देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के प्रति इच्छुक नहीं दिखाई देते।

इस वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत के सर्वे भवन्तु सुखिन: के प्राचीन वैदिक सिद्धांत ने सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता का मार्गदर्शन किया है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व की चुनौती से जूझ रही है, तो जलवायु प्रबंधन के प्रति भारत की कालातीत वैदिक ज्ञान की प्रतिध्वनि विश्व को मार्ग दिखा रही है। एक ओर, वैश्विक समुदाय अक्सर जलवायु परिवर्तन से उपजी तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम पैटर्न और आपदाओं में वृद्धि जैसी असुविधाजनक सच्चाइयों में उलझा हुआ है। दूसरी ओर, भारत ने सुविधाजनक कार्रवाई के दर्शन को सामने रखा है। हमारे सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस दृष्टिकोण ने पिछले 11 वर्षों में भारत को एक कर्तव्यनिष्ठ वैश्विक जलवायु नागरिक में बदल दिया है।

पृथ्वी का जो कुछ भी हम खनन करते हैं, उसे जल्दी से भरने दें, हम पृथ्वी के प्राण-तत्वों पर आघात न करें और न ही उसके हृदय को क्षति पहुंचाएं। इस प्राचीन ज्ञान को जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर आधारित समकालीन नीतिगत ढांचों में पिरोया गया है, जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कार्रवाई का एक अनूठा तालमेल बना है। पर्यावरण और वन मंत्रालय में जलवायु परिवर्तन को जोड़कर, जलवायु कार्रवाई को क्षेत्र-संबंधी चिंता के सीमित दायरे से निकालकर शासन की प्राथमिकता में ला दिया। 2015 में जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष का निर्माण इस प्रतिबद्धता का ही उदाहरण है, जिसके द्वारा राज्यों को जलवायु संकट से निपटने से संबंधित संसाधन प्रदान किए जाते हैं। कई राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित करके इस कदम का समर्थन किया, जिससे जलवायु कार्रवाई की एक संघीय व्यवस्था तैयार हुई।

2015 में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने वैश्विक जलवायु वार्ता में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री खुद पेरिस गए और पेरिस समझौते को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धरती के संरक्षण में भारत की उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। ऐसे देशों के विपरीत, जो जलवायु प्रतिबद्धताओं को बोझ के रूप में देखते हैं, भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्जा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्जा को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है। स्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की बात करने तो हम आरई में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर हैं। एक दशक में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। सरकार द्वारा अपनी कई योजनाओं के माध्यम से परिवर्तनकारी जलवायु कार्रवाई के लिए भारत की प्रतिबद्धता को गति प्रदान की गई है। स्वीडन के साथ साझेदारी में लीडआईटी (उद्योग में बदलाव के लिए नेतृत्व समूह) बनाया गया, जो जलवायु लक्ष्यों के लिए औद्योगिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सौर विनिर्माण (2020) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से घरेलू सौर विनिर्माण क्षमता मजबूत हुई, आयात पर निर्भरता कम हुई और एक मजबूत स्वदेशी सौर इकोसिस्टम का निर्माण हुआ।

2021 में ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 में भारत ने देश के जलवायु परिदृश्य को और मजबूत करते हुए ऐतिहासिक घोषणाएं कीं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने वक्तव्य में भारत के महत्वाकांक्षी अभियान पंचामृत की घोषणा की गई। पंचामृत यानी पांच अमृत तत्व, जिसमें जलवायु प्रतिबद्धता को बढ़ाना और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना शामिल है। इसी संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री ने मिशन लाइफ-पर्यावरण के लिए जीवनशैली की शुरुआत की, ताकि वैश्विक स्तर पर नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में शामिल किया जा सके। इस ऐतिहासिक प्रतिबद्धता ने भारत को विकासशील देशों के बीच जलवायु नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया। 2 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में कॉप 26 के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने आईआरआईएस (सुदृढ़ द्वीप देशों के लिए अवसंरचना) लॉन्च किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, फिजी, जमैका, मॉरीशस और यूके के प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम से जलवायु-संवेदनशील देशों के प्रति वैश्विक एकजुटता प्रदर्शित की गई। भारत ने 2022 में अपने एनडीसी को परिवर्तित करते हुए उसमें संरक्षण और संयम की परंपराओं और मूल्यों के आधार पर स्वस्थ और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक गुणात्मक लक्ष्य के रूप में मिशन लाइफ को शामिल किया। इसी क्रम में, नवंबर 2022 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति (एलटी-एलईडी) प्रस्तुत की, जिसमें 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ सतत विकास के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है। इसी वर्ष राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का शुभारंभ हुआ, जिससे भारत हरित हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा, जो ऊर्जा स्वतंत्रता और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की हमारी दृष्टि के अनुरूप है।

वर्ष 2023 में विकसित भारत 2047 की घोषणा, एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई, जो 2047 तक पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था तथा प्रकृति और प्रगति के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए विकसित राष्ट्र बनने के प्रति भारत का विजन है। भारत की जलवायु कार्रवाई, 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। जलवायु परिवर्तन को कम करने की दिशा में कार्रवाई के अलावा, भारत ने व्यापक जलवायु रिपोर्टिंग का प्रदर्शन करते हुए द्विवार्षिक प्रगति रिपोर्ट के साथ अपना अनुकूलन संवाद भी प्रस्तुत किया है। 2024 में बदलाव लाने वाली दो नागरिक केंद्रित पहलों की शुरुआत हुई। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने सौर ऊर्जा तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया, जबकि एक पेड़ मां के नाम के शुभारंभ ने वनीकरण को एक जन आंदोलन का रूप दिया।

(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं)

# आतंक पर दोहरे रवैये को लेकर राजनाथ का प्रहार

**भारत ने इसे पाकिस्तान के आरोपों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वैधता देने की साजिश बताया। ब्लूचिस्तान में विद्रोही गतिविधियां वहां के लोगों की आत्मनिर्णय की मांग से जुड़ी हैं, जिन्हें पाकिस्तान भारत-प्रायोजित आतंकवाद कहकर गुमराह करने की कोशिश करता है। चीन, जो सीपीईसी के माध्यम से ब्लूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है, पाकिस्तान के इन दावों का समर्थन करता रहा है। यही कारण है कि भारत को इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इन्कार करना पड़ा।**

**यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने एससीओ में ऐसा सख्त रुख अपनाया हो।**



**योगेश कुमार गोयल**

चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की रक्षा मंत्रियों की बैठक इस बार भारत की आक्रामक और स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति की स्पष्ट साक्षी बनी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से जब यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उसमें आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया गया है तो यह भारत का केवल एक औपचारिक विरोध नहीं था, बल्कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं और कूटनीतिक दृढ़ता का स्पष्ट संकेत था। इस विरोध के जरिये उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल प्रतीकात्मक भाषणों और कूटनीतिक शिष्टाचारों से आगे बढ़ चुका है। भारत का संदेश दृढ़ है कि आतंकवाद को सामान्य नहीं माना जा सकता। भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। भारत का यह कदम एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ खासकर उन देशों के लिए एक चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपने रणनीतिक हितों के लिए एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि उसके व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होती है। भारत का यह कदम पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा तो है ही, चीन को भी यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सुरक्षा हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह द्वारा की गई टिप्पणी कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसे पनाह देते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर संकेत था, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। दक्षिण एशिया पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण ही दशकों से अस्थिरता और हिंसा से जूझ रहा है और अब भारत इस खतरे को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर और मुखरता से उजागर कर रहा है। भारत की इस बार की विशेष आपत्ति पहलगाम हमले को लेकर थी। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा की सहायक इकाई टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) द्वारा किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। यह हाल के वर्षों का सबसे भीषण आतंकी हमला था। भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दोहरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इन्कार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है। एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें शंघाई फाइव से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था, परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव: एक अनोखी दुनिया



**विनीत नारायण**

41 साल बाद, भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा शुरू की, जिसने न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि 1।4 अरब भारतीयों के सपनों को भी पंख दिए।



अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसा अनुभव है जो सामान्य मानवीय अनुभवों से परे है। यह न केवल वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि एक गहन व्यक्तिगत और दार्शनिक अनुभव भी है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान कहा, क्या कमाल की सवारी थी। यह उत्साह और आश्चर्य उनकी भावनाओं का प्रतीक है, जो हर उस व्यक्ति के मन में कौतूहल जगाता है जो अंतरिक्ष की सैर का सपना देखता है।

अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करने पर सबसे पहला अनुभव शून्य गुरुत्वाकर्षण का होता है। शुभांशु ने इसे शिशु की तरह चलना सीखने जैसा बताया। अंतरिक्ष यात्री को अपने शरीर को नियंत्रित करने, खाने, पढ़ने और यहां तक कि सोने के लिए भी नए तरीके सीखने पड़ते हैं। यह अनुभव चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ रोमांचक भी है। अंतरिक्ष में तैरना, जहां हर वस्तु हवा में लंगरहीन होती है, एक ऐसी अनुभूति है जो पृथ्वी पर असंभव है। इसके साथ ही अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखना एक गहन अनुभव है। नीले ग्रह की सुंदरता, बादलों की नाजुक परतें और महासागरों की विशालता अंतरिक्ष यात्रियों को प्रकृति और मानवता के प्रति गहरी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। शुभांशु ने अपनी यात्रा के दौरान कहा, दृश्यों का आनंद ले रहा हूं। यह दृश्य न केवल मनमोहक हैं, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि हमारा ग्रह कितना नाजुक और अनमोल है।

अंतरिक्ष यात्रा शारीरिक और मानसिक रूप से कठिन होती है। लॉन्च के दौरान तीव्र जी-फोर्स का अनुभव, अंतरिक्ष में प्रारंभिक असुविधा और माइक्रोग्रैविटी में अनुकूलन की प्रक्रिया हर अंतरिक्ष यात्री के लिए एक कठिन परीक्षा होती है। शुभांशु ने हंसते हुए बताया कि उन्होंने अंतरिक्ष में ह्काफी सोयाह्व जो उनके अनुकूलन का हिस्सा था। इसके अलावा, अंतरिक्ष स्टेशन पर लंबे समय तक रहने से मांसपेशियों का क्षय और हड्डियों की कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिनका अध्ययन इस मिशन का एक हिस्सा था। अंतरिक्ष स्टेशन पर समय केवल दृश्यों का आनंद लेने तक सीमित नहीं है। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान शुभांशु और उनकी टीम ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात भारत के थे। इन प्रयोगों में माइक्रोग्रैविटी में फसल बीजों का प्रभाव, मांसपेशियों के क्षय का अध्ययन और डीएनए मरम्मत जैसे विषय शामिल थे।

यह कार्य न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को भी मजबूत करता है। 41 साल पहले, 1984 में, विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत यूनियन के सोयुज टी-11 मिशन के तहत अंतरिक्ष में कदम रखा था। तब से, भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन मानव अंतरिक्ष उड़ान में यह दूसरा बड़ा कदम है। शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा भारत के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है।

शुभांशु की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान (2027), के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो ने इस मिशन के लिए 5 अरब रुपये (+59 मिलियन) का निवेश किया, ताकि शुभांशु को प्रशिक्षण और अंतरिक्ष अनुभव प्राप्त हो सके। इसरो के अध्यक्ष वी। नारायणन ने कहा, इस मिशन से प्राप्त अनुभव और प्रशिक्षण भारत के लिए अभूतपूर्व लाभकारी होगा। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए लॉन्च प्रोटोकॉल, माइक्रोग्रैविटी अनुकूलन, और आपातकालीन तैयारी में मदद करेगा।

एक्सिओम-4 मिशन नासा, इसरो, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह मिशन भारत की बढ़ती वैश्विक स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में इसके योगदान को दर्शाता है। पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ, यह मिशन वैश्विक एकता और साझा वैज्ञानिक लक्ष्यों का प्रतीक है। शुभांशु की यात्रा ने भारत के युवाओं में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति उत्साह जगाया है। लखनऊ में उनके स्कूल, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित वॉच पार्टी में सैकड़ों छात्रों ने उनके प्रक्षेपण को देखा और उत्साह के साथ तालियां बजाईं। इसरो ने शुभांशु के लिए भारतीय छात्रों के साथ बातचीत के आयोजन की योजना बनाई है, जो नई पीढ़ी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

भारत ने 2035 तक अपनी अंतरिक्ष स्टेशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री भेजने की महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं। शुभांशु की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा इन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत को न केवल तकनीकी रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। शुभांशु ने अपनी कक्ष से संदेश में कहा, मेरे कंधे पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं, मैं आप सभी के साथ हूं। यह भावना 1।4 अरब भारतीयों के गर्व और एकता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक बताया। यह मिशन भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता का एक और प्रमाण है।

अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसी यात्रा है जो न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देती है, बल्कि मानवता को अपनी सीमाओं से परे सोचने के लिए प्रेरित करती है। शुभांशु शुक्ला की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो 41 साल बाद अंतरिक्ष में देश की वापसी को चिन्हित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शाह टाइम्स

# स्विट्ज़रलैंड से कम नहीं है नैनीताल

प्रस्तुतिः- आकांशी मावड़ी, दिग्विजय सिंह बिष्ट

## • मानसून में निखर आती है सरोवर नगरी की प्राकृतिक सुंदरता • पर्यटक की पहली पसंद बन रही है सरोवर नगरी

मौसम कई आते हैं और गुजर जाते हैं, पर मानसून है, जो मन को भाता है और प्रकृति की छटा हरियाली से भरकर मन को प्रफुल्लित कर जाता जाता है। अब मानसून आ चुका है, पेड़ पौंधे मानो मुस्कराने लगे हैं और ऐसे में नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का रंग निखरना शुरू हो गया है। पर्वतों में हरियाली का श्रंगार भरने लगा है। शीत मंद हवाएं वृक्षों को झूमने के लिए मजबूर करती प्रतीत हो रही हैं। यह अनोखा समा प्रकृति प्रेमियों के लिए कुदरत का अनुपम उपहार है, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है और सैलानियों को खींचे चले आता है। नैनीताल की नैसर्गिक सुन्दरता पहचान की मोहताज नहीं, जिसके अंग्रेज भी गुलाम होकर रह गए थे। भले ही ग्रीष्म कालीन सीजन में लाखों की संख्या में सैलानी पहुंचते हों, लेकिन इस हिल स्टेशन का असल दीदार मानसून में बनता है। तीन ओर पर्वतमालाओं से घिरा यह शहर मानसून में अलग नजारा पेश करता है। बरसात की रिमझिम फुहारों के बीच इस भ्रमण अनोखा एहसास कराता है तो लंदन फश्वग यानी सफेद कोहरे की चादरें नगर को कब नगर को अपने आगोश में लेले और कब किस पर्वत से लिपट जाए, पता ही नहीं चलता। ये ऐसे सुंदर नजारें हैं, जो प्रकृति प्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाते हैं। यही वजह है कि देश विदेश से हजारों सैलानी मानसून के मौसम में यहां पहुंचते हैं।

### कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं इस दौरान

दरअसल ग्रीष्मकाल में सैलानी लाखों की संख्या में नगर सैर में पहुंचते हैं। जिस कारण अफरातफरी में सैलानियों की आवभगत उतनी हो नही पाती है, लेकिन मानसून के तीन महीनों में सैलानियों की भीड़ छट चुकी होती है। जिस कारण होटल कारोबारियों को सैलानियों के स्वागत व उन्हे समय देने का खूब समय होता है। सबसे अच्छी बात यह है कि होटलों के किराए में भारी छूट मिल जाती है। इसके अलावा भी कई सुविधाएं हैं, जो मानसून में उपलब्ध हो जाती हैं।

### अत्याधुनिक सुविधाएं वाले नगर के होटल

इस हिल स्टेशन में सैकड़ों होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे हैं, लेकिन चुनिंदा होटल हैं, जहा सैलानियों की ठहरने की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। शेरवानी हिलटॉप इन, नैनी रिट्रीट, विक्रम विंटेज, अलका होटल, क्लासिक दी माल, चन्नी राजा, प्रिम रोज, प्रशांत होटल, पर्यटक होटल, गौरी होटल, चिनार, एलफिंस्टन होटल, इंडिया होटल, लेक साइड इन, हैप्पी होम, पैलेस होटल, शशि इन, कपिल इन, शालीमार होटल, आरिफ कैसल्स, शिवराज होटल, बलरामपुर हाउस, वेलकम पार्क आदि होटल हैं, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।



अफजल फौजी























